हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 13 जुलाई, 2025

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

12 जान जोखिम में डालकर इस सड़क से गुजरने मजबूर हैं यात्री



13 पिछले साल के मुकाबले आधा पंजीयन कलेक्टर ने कहा-लंबित प्रकरण बर्दाश्त नहीं








## खबर संक्षेप

### नाबालिग घर से भागे पुलिस ने खोज निकाला

**भिलाई।** घर से बिना बताए गायब हुईं नाबालिग को पुलिस ने खोज निकाला। दोनों आपस में सहेलियां है। घर से ट्यूशन जाने के लिए निकली थीं। देर होने के बाद घर नहीं लौटीं। परिजनों ने आसपास खोजबीन की, लेकिन दोनों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। परिजनों ने इसकी शिकायत भठ्ठी पुलिस से की। दोनों लड़कियों की उम्र 14 वर्ष के करीब बताई गई है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि टीम ने पॉवर हाउस, दुर्ग, रायपुर रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला। रायपुर रेलवे स्टेशन में दोनों नाबालिग को प्लेट फार्म में देखा गया। टिकट काउंटर के पास कैमरा में दोनों दिख रही थीं। आरपीएफ और जीआरपी को नाबालिग युवतियों का पता तलाश सूचना दी गई। समता एक्सप्रेस को आरपीएफ की सहयोग से चेक कराया गया। आरपीएफ द्वारा नागपुर रेलवे स्टेशन का सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर दोनों नाबालिग प्लेट फार्म पर टिकट लेते दिखाई दे रही थीं। दोनों नाबालिग युवतियों को नागपुर रेलवे स्टेशन से रेस्क्यू किया गया। पूछताछ में दोनों नाबालिग युवतियों ने बताया कि घूमने के नाम पर निकले थे। टीआई राजेश साहू ने बताया कि दोनों नाबालिग सुरक्षित हैं। उन्हें भिलाई लाया जा रहा है।

### ताला तोड़कर रेस्टोरेंट से 30 हजार की चोरी

**भिलाई।** बीती रात नया बस स्टैंड जीई रोड पर स्थित कृष्णा रेस्टोरेंट के शटर का ताला तोड़कर इलेक्ट्रॉनिक तराजू, नगदी, चांदी की मूर्तियां, सिक्के, मिठाई समेत लगभग 30 हजार रुपए का सामान पार कर दिया। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि संचालक वीरेंद्र मिश्रा के रेस्टोरेंट में गल्ले में रखे 6-7 सौ रुपए नकद, दुकान के कई सामान पार हो गया। यह रेस्टोरेंट जीई रोड पर मुख्य मार्ग पर स्थित है, जहां रातभर वाहनों की आवाजाही लगी रहती है।

### उर्वरक बिक्री केंद्रों का औचक निरीक्षण, नोटिस

**दुर्ग।** जिले के कृषकों के लिए उच्च गुणवत्तायुक्त उर्वरक एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिये कृषि विभाग द्वारा सघन अभियान चलाते हुये जिले के निजी एवं सहकारी प्रतिष्ठानों में दबिश दी गई। 20 केंद्रों की जांच की गई। लापरवाही सामने आने पर दुर्ग के ओम कृषि केन्द्र अंजोरा, सिन्हा ट्रेडर्स, चंद्राकर ट्रेडर्स मचांदुर, बुरहानी एग्रो इण्डस्ट्रीज खपरी सहित 9 विक्रय प्रतिष्ठानों में नोटिस जारी किया गया।

### दिक्कत ऐसी कि नैक मूल्यांकन भी नहीं हो पा रहा, सुविधाओं से वंचित हो रहे

# स्कूलों में चल रहे सात नए सरकारी कॉलेज अब तक एक बैच भी पढ़कर निकल चुका

देवीलाल साहू ▸▸| भिलाई

स्कूल से निकलकर कॉलेज की पढ़ाई युवाओं का अपना सपना होता है। नए कॉलेज में जाना और वहां का माहौल स्कूल लाईफ से बिलकुल जुदा होते हैं। कॉलेज एक्टिविटी और मौज-मस्ती के बीच पढ़ाई का निराला अंदाज जीवन के लिए महत्वपूर्ण पल होते हैं जिसे विद्यार्थी सहेज कर रखते हैं। लेकिन दुर्ग जिले में सात सरकारी कॉलेज के विद्यार्थियों की लाईफ अब भी स्कूल में ही अटकी हुई है। वह भी पिछले चार साल से। इसलिए कि सरकार ने कॉलेज खोल दिए लेकिन उनके लिए बिल्डिंग की सुविधा अब तक नहीं जुटाई। सरकारी स्कूलों के कमरों में इन कॉलेज के विद्यार्थियों की पढ़ाई हो रही है। विद्यार्थी स्कूल में ही पढ़कर अपनी स्नातक डिग्री हासिल कर निकल चुके हैं पर भवन नहीं मिल पाया।



रिसाली कॉलेज जहां स्कूल में पढ़ रहे हैं विद्यार्थी



### ये सरकारी कॉलेज जो चल रहे हैं अब भी स्कूलों में

#### कुम्हारी कॉलेज

कुम्हारी महाविद्यालय सरकारी स्कूल के बिल्डिंग में लग रही है। वर्ष 2022 से इस कॉलेज में पहले वर्ष में विद्यार्थियों को प्रवेश मिला। पिछले साल वर्ष 2024 में विद्यार्थियों एक बैच स्नातक की पढ़ाई कर निकल चुका। लेकिन कॉलेज भवन की जमीनभर तलाश की गई है। निर्माण नहीं हो पाया है।

#### रिसाली कॉलेज

रिसाली महाविद्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मरोदा टैंक स्कूल भवन में लग रहा है। वर्ष 2022 को यह कॉलेज खुला। स्नातक का एक बैच यहां पिछले साल वर्ष 2024 में पास आउट हो गया है लेकिन भवन नहीं मिला। चार साल में कॉलेज भवन के लिए जगह ही नहीं आबंटित हो पाई है।

#### खुर्सीपार कॉलेज

खुर्सीपार नवीन महाविद्यालय वर्ष 2014 में प्रारंभ हुआ। इस कॉलेज को खुले 11 साल बीत चुके हैं। यह कॉलेज बीएसपी स्कूल भवन में चल रहा है। बीए, बीकाम और बीएससी स्नातक के कई बैच इस स्कूल में ही पढ़कर निकल चुके हैं। कॉलेज के लिए अब तक जमीन नहीं तलाश की गई है।

**जमीन की तलाश व भवन निर्माण है चालू**

रिसाली में बीएसपी को जमीन देने के लिए पत्र लिखा गया है। जामुल में निर्माण कार्य जारी है। रानीतराई का भवन अगस्त में हैंडओवर हो जाएगा। खुर्सीपार में जगह नहीं है। बासीन में जगह तलाश रहे हैं। सभी कॉलेज भवन निर्माण के लिए पैसा आया है। निर्माण एजेंसी पीडब्ल्यूडी है। - **राजेश कुमार पांडेय**, उप संचालक हेमचंद यूनिवर्सिटी

#### ग्रामीण क्षेत्रों में भी तीन कॉलेज चल रहे स्कूलों में

सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी कॉलेजों की पढ़ाई अपने गांव के पास ही कर सके इसके लिए चार नए कॉलेज खोले। यहां भी विद्यार्थी स्कूल में ही कॉलेज की पढ़ाई करने मजबूर हैं। पाटन विधानसभा क्षेत्र के रानीतराई में सरकारी कॉलेज वर्ष 2022 में शुरू किया गया है। इसी तरह बासीन में नया महाविद्यालय खुला है। पेड्रावन में भी महाविद्यालय खोले गए हैं। यह कालेज सरकारी हाई स्कूल के भवन में संचालित है। नगपुरा महाविद्यालय भी स्कूल में चार साल से चल रहा है। इन चारों सरकारी कॉलेज को खुले चार साल होने जा रहा है लेकिन महाविद्यालय भवन नहीं है। जिसकी वजह से स्कूल में ही विद्यार्थी पढ़ रहे है। बीए, बीकाम, बीएससी की हर कालेज में 50-50 सीटें हैं।

### स्कूलों की अधिग्रहित कमरों से यह दिक्कतें

**1** नए कालेज संचालित करने के लिए सरकारी स्कूलों के कमरों का अधिग्रहण किया गया है। हर स्कूल में 5 से 7 कमरों को कालेज के विद्यार्थियों के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को बैठने के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। प्रेक्टिकल कमरों में विद्यार्थियों को पढ़ाना पड़ रहा है। वहीं जब स्कूल की छुट्टी होती है तब तक कालेज के विद्यार्थी गेट के बाहर इंतजार करते रहते हैं। इससे इन स्कूलों में पढ़ाई भी निर्धारित समय से देरी में हो रही है।

#### सीटें नहीं भर पा रही नए कालेजों की

**2** नए कालेजों में हर संकाय में सीटें निर्धारित की गई है। बीए, बीकाम, बीएससी बॉयो व मेथ्स में 50-50 सीटें तय है। पुराने कॉलेज खुर्सीपार में इन संकायों की 90-90 सीटें हैं। हाल यह है कि हर साल इनमें से आधी ही सीटें भर पाती है। ऐसी भी स्थिति आई कि पिछले साल बीएससी मैथ्स व बायोलॉजी में महज 4 से 6 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। विद्यार्थी कालेज भवन में पढ़ना चाहते हैं न कि स्कूल भवन में। ऐसे कालेजों में खेल व एकादमिक गतिविधियां भी नहीं हो पा रही है।

#### भवन बनाने के लिए सरकार ने दिए 37 करोड़

**3** जब नए कालेज सरकार ने खोले तो भवन बनाने के लिए प्रति कालेज 4.65 करोड़ रुपए दिए। आठ नए कालेज भवन निर्माण के लिए 37 करोड़ रुपए दिए गए हैं। जिसमें से केवल एक निकुम महाविद्यालय का भवन निर्माण हो पाया है और वहां विद्यार्थी स्कूल से शिफ्ट भी किए जा चुके हैं। शेष सात कालेजों में भवन निर्माण नहीं हुआ है।

#### नैक मूल्यांकन नहीं कर पा रही नैक की टीम

**4** कालेजों का नैक मूल्यांकन जरूरी है। मूल्यांकन के लिए नैक बेंगलुरू की टीम हर साल आती है। टीम मूल्यांकन तभी करती है जब महाविद्यालय का अपना बिल्डिंग हो। यहां बिल्डिंग नहीं है। इसलिए टीम मूल्यांकन नहीं कर पा रही। मूल्यांकन होने के बाद टीम की रिपोर्ट के आधार पर ग्रेडिंग मिलता और कालेज में सुविधाएं विकसित करने फंड भी। लेकिन इन कालेजों में दिक्कत ही दिक्कत है।

## नालों की नहीं कराई सफाई, भिलाई आयुक्त ने बीएसपी को थमाया नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

महापौर परिषद के विशेष बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार टाउनशिप क्षेत्र में स्थित नालों की सफाई नहीं कराए जाने के संबंध में निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएं विभाग भिलाई इस्पात संयंत्र को चेतावनी नोटिस जारी किया है।

- कलेक्टर के निर्देश पर किया जा रहा जवाब तलब

कलेक्टर द्वारा पूर्व में ही टाउनशिप क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्डों में बीएसपी प्रबंधन द्वारा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, डेंगू, मलेरिया एवं जल जनित बीमारियों के रोकथाम हेतु समुचित कार्रवाई करने और बेक लेन की सफाई तथा आवासीय एवं व्यावसायिक क्षेत्र की संपूर्ण मार्गो की साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने संबंधित पत्र एवं निर्देश दिए हैं। टाउनशिप क्षेत्र अंतर्गत नालों में जलकुंभी की सफाई बरसात के पूर्व 15 जून 2025 तक करना था, जिससे पानी के बहाव में रुकावट न हो और आसपास बस्तियों में जल भराव न हो । किंतु भिलाई इस्पात संयंत्र नगर सेवाएं प्रबंधन द्वारा सभी कार्य नहीं कराए गए हैं । टाउनशिप क्षेत्र में स्थित नाला की जलकुंभी निगम क्षेत्र अंतर्गत बरसाती पानी में बह कर आने से जुनवानी, कोसानाला पुलिया में फंस जाने से सेक्टर 6 भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पास बौद्ध भूमि, प्रियदर्शनी परिसर, कोसा नगर, कोसा नगर रेसने आवास, गांधीनगर एवं विनोबा नगर में नाला के आसपास की बस्ती एवं घरों में पानी भर गया। इस तरह की स्थिति निर्मित होने से आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ा है और प्रभावित लोगों का नुकसान भी हुआ है। जनहानि की आशंका बनी है जिससे प्रशासन की छवि धूमिल हुई है। टाउनशिप क्षेत्र के नालों एवं बेक लेन की सफाई व्यवस्था जल्द सुधारने हेतु चेतावनी दी गई है, अन्यथा जिम्मेदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई होगी ।

### बोलेरो ने मारी ठोकर, मौत

**राजनांदगांव।** नेशनल हाईवे में स्थित बागनदी में एक तेज रफ्तार बोलेरो ने मोपेड को ठोकर मार दी। दुर्घटना में मोपेड सवार एक पुजारी की मौत हो गई। घटना शुक्रवार दोपहर 3 बजे के करीब की है। बागनदी पुलिस ने बताया कि रामपुर निवासी 59 वर्षीय अशोक तिवारी पूजा-पाठ का काम करते थे। शुक्रवार दोपहर वे अपने मोपेड से पूजा करने भगवानटोला जाने निकले थे। अशोक तिवारी हाईवे में मौजूद घोरतलाव क्रासिंग को पार कर रहे थे, तभी उन्हें तेज रफ्तार बोलेरो क्रमांक एमएच-23-एयू-8909 के चालक ने जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में अशोक तिवारी के सिर और हाथ-पैर में गंभीर चोंटे आई थी। जिससे उनकी हास्पिटल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई।

महिला की शिकायत पर पुलिस की कार्रवाई

## गैंगस्टर दीपक नेपाली और लुकेश पर अप्राकृतिक कृत्य का जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाईं

गैंगस्टर दीपक नेपाली और उसके भाई लुकेश ने महिला के साथ मारपीट कर अप्राकृतिक कृत्य करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 377, 498, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि महिला ने दीपक नेपाली और उसके भाई ने महिला के साथ मारपीट कर उसका दैहिक शोषण किया। इसके अलावा महिला के साथ अप्राकृतिक कृत्य भी किया है। पुलिस ने बताया कि महिला के साथ आरोपियों ने मारपीट कर संबंध बनाने का दबाव बनाते थे। परेशान होकर पीड़िता ने पुलिस में शिकायत किया है। प्राथमिक जांच और पीड़िता के बयान के आधार दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई किया है।दीपक और लुकेश नेपाली महिला के साथ मारपीट कर दबाव बनाकर संबंध बनाया करते थे। दोनों आरोपी फिलहाल फरार है। दीपक नेपाली के वैशाली नगर के एक मामले में पुलिस ने 3 हजार का इनाम घोषित भी किया है। आरोपी लुकेश का एक विडियो जमकर वायरल हुआ था। जिसमें तात्कालीन एसपी के खिलाफ नशे में वीडियो बनाया था। हाल ही में दीपक नेपाली की दो कार भी पुलिस ने जब्त किया है।

## बारिश थमने से 3 डिग्री सेल्सियस बढ़ा तापमान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

पिछले दो दिनों की बारिश थमने से शिवनाथ का महमरा एनीकट का पानी फिर से उतर गया है। इससे आसपास के लोगों व नदी किनारे के गावों को राहत मिली है। वहीं तापमान में भी सीधे 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। जिसकी वजह से उमस की स्थिति निर्मित हो गई है। मौसम विभाग ने आने वाले तीन दिनों तक बारिश की चेतावनी भी दी है।

#### इस तरह बढ़ा तापमान

पिछले सप्ताहभर बदली और बारिश ने दुर्ग जिले का अधिकतम तापमान 29 से 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा दिया था। जैसे ही बारिश थमी शनिवार को अधिकतम तापमान 33.3 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। इस तरह यह सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक हो गया है। न्यूनतम तापमान स्थिर है। न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

#### तीन दिन तक बारिश की चेतावनी

मौसम विभाग के मुताबिक औसत समुद्र तल पर मानसून की द्रोणिका अब सूरतगढ़, सीकर, ग्वालियर, सिद्धि, डाल्टनगंज, कॉठाई और फिर की ओर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। उत्तर-पूर्व मध्य प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में ऊपरी हवा में चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है, जो समुद्र तल से ऊपर तक फैला हुआ है। उत्तरी हरियाणा से दक्षिण उत्तर प्रदेश होते हुए उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक एक कम दबाव का क्षेत्र, उत्तर-पूर्वी और उसके आसपास, झारखंड, गंगीय पश्चिम बंगाल के ऊपर समुद्र तल से 0.9 किमी ऊपर चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। इससे तीन दिन तक बारिश के आसार हैं।












## खबर संक्षेप



### शाला प्रबंधन समिति की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**बोरी।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल बोरी में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक में मध्यान भोजन,साफ सफाई,शाला प्रवेशोत्सव और अनुशासन जैसे अनेको विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में बेहतर शैक्षणिक परिणाम के लिए भी चर्चा हुई। शाला के विकास के लिए विभिन्न विषयों को बैठक में उठाया गया। जिस पर सदस्यों ने अपनी सहमति दी। सभी ने उत्तरोत्तर शैक्षणिक विकास के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कहीं। उक्त बैठक में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष अरविंद पटेल,पदेन सचिव प्रभारी प्रचार्य गुलनाज बानो, मण्डल अध्यक्ष बीरबल पटेल,सरपंच टेकेश्वर देशमुख,विधायक प्रतिनिधि सूरज देशमुख,सदस्यगण दिनेश पटेल,आईके वर्मा, नर्मदा प्रसाद शर्मा व शिक्षकगण वरिष्ठ शिक्षक राम जी सिंह,व्यख्याता राजेश शुक्ला,छाया सिंह और प्रधानपाठक दीपिका बघेल आदि उपस्थित थे।

## निधन

### नीतू रावते



**कुम्हारी।** चार बार की पार्षद नीतू रावते (52 वर्ष) का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। उनका अंतिम संस्कार कुगदा के मुक्तिधाम में हुआ। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी और कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल थे।

### धनकुंवर बाई देशमुख



**भिलाई।** आलबरस निवासी धनकुंवर बाई देशमुख का निधन शनिवार को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई। वे नारायण देशमुख, नारद, बिरेंद्र, गोपाल की माता थीं

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग

-:: ईश्तहार ::-

(रा.प्र.क्र./ 202506101000163/ अ-6/वर्ष 2024-25)

इस न्यायालय का रा.प्र. कं. 202506101000163/ अ-6(अ) वर्ष 2024-25 आवेदक मालती सिंह पिता केदारनाथ निवासी - कैलाश नगर भिलाई तह. व जिला दुर्ग ग्राम कुरूद, प.ह.नं. 46, रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.न. 1594/24 रकबा 1900 वर्गफीट को रजिस्टर्ड दान पत्र के आधार पर दानकर्ता केदारनाथ आ. भगत सिंह एवं अन्य से प्राप्त किया गया था। नामांतरण पश्चात ऋण पुस्तिका में आवेदिका का नाम दर्ज है। किन्तु वर्तमान राजस्व अभिलेख में दानकर्ता का नाम दर्ज हो गया है। जिसे सुधार किये जाने हेतु आवेदनमय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त संबंध में आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 17/07/2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/06/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला-दुर्ग

इश्तहार

रा.प्र.क./202507104900018 /अ-6/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आदिका श्रीमती जसविन्दर कौर उम्र-54 वर्ष पति-मजिन्दर सिंह कंग निवासी- नेहरू नगर पश्चिम भिलाई तहसील व जिला- दुर्ग के द्वारा ग्राम ढौर प.ह.नं.-17 रा.नि.मं. दुर्ग-01, स्थित भूमि खसरा नं. 2481/4, 2556 रकबा :- 0.21 हे., 0.13 हे. भूमि जो कि आवेदिक एवं अन्य संयुक्त खातेदारों के नाम से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार स्व. परमजीत सिंह पिता- मजिन्दर सिंह कंग कि मृत्यु दिनांक 23.08.2018 को हो जाने से मृतक का नाम विलोपित कर शेष खातेदारों का नाम यथावत रखे जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.संहिता की धारा 109/110 के तहत इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा हो तो वह नियत दिनांक 28/07/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04/07/25 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग-01 जिला-दुर्ग

**अनुकरणीय पहलः एनसीसी कैडेट्स ने चलाया अभियान**

# उतई की दुकानों में पर्यवारण बचाने कागज के बैग बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई




शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय उतई में कॉलेज के 8 सी जी गर्ल्स बटालियन रायपुर एनसीसी के कैडेट्स के द्वारा पेपर बैग डे के अवसर पर प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने के अभियान के तहत पेपर से विभिन्न प्रकार के बैग बनाये गये। उतई के कई दुकानों में इनका वितरण किया गया ताकि जन जागरूकता से पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों का ध्यान आकर्षित हो। इस अवसर पर कैप्टन डॉ. अनुसुईया जोगी एनसीसी ऑफिसर ने प्लास्टिक मुक्त भारत हेतु शपथ दिलाई। प्रत्येक एनसीसी कैडेट्स ने 10 से 12 पेपर बैग्स बनाएं। रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण हेतु नारे लगाते हुए उतई का भ्रमण किया। इस अवसर पर डॉ. शुभा शर्मा , डॉ. विद्या पंचागम डॉ. सीमा अग्रवाल प्रोफेसर अर्चना पांडे, प्रोफेसर रितेश नायक, लोकेश्वर ठाकुर एवं महाविद्यालय परिवार उपस्थित थे।

**जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा में स्वास्थ्य विभाग का आयोजन**

# निकुम में हुए नसबंदी के सफल ऑपरेशन, अभियान 18 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत 11 से 18 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाडा का आयोजन किया रहा है। इस दौरान महिला नसबन्दी के लिए 6 हितग्राही एवं पुरूष नसबन्दी में 4 हितग्राहियो का सफल आपरेशन सर्जन डॉ ज्योति ध्रुव स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं डॉ ए के संयाल सर्जरी विशेषज्ञ ने किया। आपरेशन सहयोगी आश्वति स्टाफ नर्स, सारा चंद्राकर स्टाफ नर्स, ओटी सहायक जितेन्द्र वाल्दे एवं ललिता आया का सहयोग रहा। ऑपरेशन के दौरान डॉ. धारणी ठाकुर चिकित्सा अधिकारी, जीआर भूआर्य बी ई टी ओ, जेस्सी चेरियन स्टाफ नर्स, भूपेन्द्र कुमार देवागन आर एच ओ, मनेन्द्र साहू आर एच ओ,मितानिन बिरेझर एवं जोधन यादव का पूर्ण सहयोग रहा।

### नसबंदी पखवाड़ा का शुभारंभ



**पाटन।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाटन में नसबंदी पखवाड़ा का शुभारंभ नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले के करकमलों से हुआ। 18 जुलाई तक चलने वाले पखवाड़े में विविध आयोजन होंगे। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष निशा सोनी,सभापति केवल चंद देवांग, पार्षदगण चन्द्रप्रकाश देवांगन , लोकेश पटेल भाजपा


**गुहार : जिला प्रशासन से दखल देने की मांग, लंबे समय से बनी हुई दिक्कत**

# जान जोखिम में डालकर इस सड़क से गुजरने मजबूर हैं यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

जामगांव आर से महज 3 किलोमीटर दूर रनचिराई मार्ग पर लोग जान जोखिम में डालकर गुजरते हैं। इसे सुधारने शासन प्रशासन असफल रहा है। यहां मुआवजे का विवाद तो कही नाप के गलत तरीके और कही रोड की दिशा बदलने का विवाद सुर्खियों में आ गया है। अधिकारी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं। कांग्रेस के समय से उलझे इस मामले को सुलझाने में भाजपा सरकार भी रुचि लेते नहीं दिख रही है।जिससे रनचिरई की स्थिति अबूझमाड़ से भी बदतर हो गई। रोड बनाने के लिए खोदी जा चुके सड़क में पानी और गंदगी का जमावड़ा होने लगा है। जो किसी बड़ी बीमारी को निमंत्रण देने जैसा है। लोगों की नजर अब जिला प्रशासन पर टिकी हुई है कि कलेक्टर रनचीराई का दौरा करे और समस्या का निदान निकाल कर ग्रामीणों की दर्दनाक नारकीय जिंदगी से बाहर निकाले। लोग परेशान हैं।





### आम लोग बोले-कराहती जनता का दर्द दूर करे सरकार

रनचिरई निवासी सड़क से पीड़ित दुष्यंत कुमार साहू, सुनील कुमार सेन, राजेंद्र चंद्राकर ,नरेंद्र कुमार सेन चंद्रिका, श्रीदेश और धन्नू साहू आदि ने कहा कि जनता का वोट सबको चाहिए लेकिन कराहती जनता का दर्द दूर करने पर मुंह छिपाने लगे है। जिम्मेदार लोगों में कांग्रेस सरकार चली गई और सरपंच भी बदल गए लेकिन सड़क निर्माण का मामला सक्षम और जिम्मेदार अधिकारी के अभाव में नहीं सुलझ पाया है। कलेक्टर इस मामले का संज्ञान लेकर रनचीराई प्रवास करे और निष्पक्ष निर्णय लेकर कार्य को गति दे तो आमजनता की दर्द का इलाज हो सकता है।

### नेताओं को वोट से मतलब है अधिकारी तो संज्ञान लें

निर्माण के नाम से खोदे गए सड़क में गढ्ढे बन गए ऊबड़ खाबड़ राह में चलते हुए लोग गिरते पड़ते यात्रा करते है गंदगी के कारण स्वास्थ पर प्रतिकूल असर पड़ने लगा है सड़क चलने लायक नहीं है लेकिन चलना विवशता बनी हुई है। विभाग के एक कर्मचारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार सड़क निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है कंपनी बोरिया बिस्तर लपेट चुकी है कुछ हिसाब बाकी है वह लेकर कर निकल लेगी। गढ्ढे का पानी और धूल का गुब्बार स्वास्थ के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है। जर्जर सड़क के समीप निवासरत सीनियर सिटीजन व्यापारी चंद्रिका श्रीदेश ने सड़क दुर्दशा की कहानी बया करते हुए बताया कि बारिश के दिनों में कीचड़ और गढ्ढे से 50 साल पहले की यात्रा की बरबस याद दिलाती है। इस अव्यवस्था से ग्राम के सैकड़ों ग्रामीणों को स्वास्थ का खतरा बना हुआ है।राहगीर भी दर्दनाक सफर करने विवश है।

## अंचल की खबरें

### सरकारी स्कूल में मनाया विश्व जनसंख्या दिवस



**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में प्राचार्य के आदेशानुसार एवं रेडक्रॉस के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया । इसके अंतर्गत रेडक्रॉस के वालेंटीयर्स द्वारा जनसंख्या नियंत्रण के जागरूकता हेतु चित्रकला एवम निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमे निबंध में कक्षा 12वीं से प्रथम अमरीका सफहा, व्दितीय गोदावरी साहू, तृतीय भेनु देवांगन एवम चित्रकला में प्रथम कक्षा 9वी से ऋतिका देवांगन, व्दितीय कक्षा 12वी से झमिता देशमुख एवम तृतीय कक्षा 12वी से गिरिजा निषाद रही। इस कार्यक्रम आयोजन रेडक्रास प्रभारी प्रेमलता योगी देवांगन ने प्राचार्य मनजीत सिंह राजपूत के दिशा निर्देश में पूरे शाला परिवार के सदस्यों भातेंद्र गंगराले, सरस्वती उमरे, रोहित देशमुख, देवश्री साहू, शैलेन्द्र साहू, उषा ठाकुर, पूर्णिमा कोशले, मालती साहू, ममता तिवारी, लीना जोशी, मीनाक्षी नेताम, गुलशन चंद्राकर, तरुण साहू, देव आशीष सहित अन्य के सहयोग से किया गया।

### भाजपा मंडल ने किया गुरुओं का सम्मान




**कुम्हारी।** भारतीय जनता पार्टी कुम्हारी मंडल के द्वारा गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत गुरुओं का सम्मान किया गया।जिसमे कुम्हारी पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल की प्राचार्या व्याख्याता श्रीमती लता रघु कुमार, भागवताचार्य पंडित गुमान धर दीवान, कुम्हारी निवासी और राष्ट्रीय भागवताचार्य नारायण वैष्णव जजगीरी एवं कुम्हारी टर्मिनेटर क्रिकेट अकादमी के कोच शबाब कुरैशी शामिल हैं। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के प्रभारी अध्यक्ष पी एन दुबे , वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पाण्डेय, अशोक दीवान, मनोज वर्मा , गोल्डी गोस्वामी किसान नेता,रामाधार शर्मा, रामकुमार सोनी, दीपक चतुर्वेदी, पार्षद उमाकांत साहू एवं मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा उपस्थित थे।

### सीमेंटीकरण का भूमिपूजन कर रोपे गये पौधे



**निकुम।** सेवा सहकारी समिति मर्यादित जो आलबरस में फड़ सीमेंटीकरण का भूमि पूजन कर धान खरीदी केंद्र हरियाली बिखेरने पौधारोपण किया गया गया। मुख्य अतिथि सेवा सहकारी समिति आलबरस अध्यक्ष प्रताप यादव ने इस अवसर पर कहा कि वृक्षारोपण कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य की दिशा में एक कदम बढ़ाना है। इस आयोजन में ग्राम सरपंच सैनिक भुवन लाल देशमुख, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष निकुम भैया लाल साहू, समिति प्रबंधक जितेंद्र देशमुख, वरिष्ठ अशोक देशमुख, भूपेंद्र देशमुख, चंद्रहांश देशमुख झाड़ू राम निषाद लच्छू देशमुख, भूपेंद्र देशमुख,नंद कुमार ठाकुर टिकेश्वर पारकर हेमलाल गायकवाड़ लाल भारती और मनोहर निषाद सहित अन्य उपस्थित थे।

### विधायक चंद्राकर ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**भिलाई।** शहीद चौक रिसाली में मदनवाड़ा कोरकोट्टी नक्सली हमले में हुए शहीद जवानों की 16 वीं पुण्यतिथि पर प्रेम संगवारी बहुदेशीय सेवा समिति के तत्वाधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। समारोह में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुआ और शहीद स्मारक पहुंचकर अमर शहीद रजनीकांत सिंह, अमर शहीद बीके चौबे व अमर शहीद अमित नायक सहित 29 जवानों को स्मरण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शहीद के पिता बेचंद सिंह, शहीद की पत्नी पिंकी सिंह, बेटी अनुष्का सिंह, बेटी हंसिका सिंह उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले में सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, समाजसेवी सोनू राम सिंह, रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू, राकेश जंघेल, नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र कुमार साहू, वार्ड पार्षद धर्मेंद्र भगत, पार्षद सीमा साहू, पार्षद माया यादव, रमा साहू, अजीत चौधरी, परमेश्वर महिलांग, राजूराम आदि उपस्थित रहे।

### महाविद्यालय में गुरुओं का किया सम्मान

**कुम्हारी।** आईसीएफएआई विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक क्लब द्वारा गुरु पूर्णिमा समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने गुरु पूर्णिमा के आध्यात्मिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. एसडी पांडे थे। कार्यक्रम का समापन कुलसचिव डॉ. मनीष उपाध्याय द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

# बिजली दरें बढ़ाना भाजपा सरकार की जनविरोधी मानसिकताः पूर्व गृहमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

राज्य सरकार ने बिजली घरों में 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट बिजली दरों में बढ़ोतरी कर दी है। जिससे उपभोक्ता पर इसका सीधा असर पड़ेगा। बिजली दरो में बढ़ोतरी को प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा है कि डबल इंजन की सरकार आम उपभोक्ताओं के जेब में डाका डाल रही है।पूर्व में हमारी कांग्रेस सरकार ने बिजली बिल हाफ और आधा माफ करने की योजना चलाई थी. जिससे प्रदेश के लाखों उपभोक्ताओं को राहत मिल रही थी। उन्होंने कहा है कि स्मार्ट मीटर से पहले ही उपभोक्ताओं को ज्यादा बिजली बिल दिया जा रहा है। गरीबपरिवार पहले ही महंगाई से जूझ रहा है। अब बिजली दर में वृद्धि का खामियाजा गरीबपरिवारों को भुगतना पड़ता है। महंगी बिजली का असर उद्योग एवं दुकानों में भी पड़ेगा। श्री साहू ने कहा है कि प्रति यूनिट 10 पैसे से लेकर 20 पैसे बिजली बिल में बढ़ोतरी करके डबल इंजन की भाजपा सरकार ने आम आदमी को परेशानी में डाला है परेशान करने का काम किया है। राज्य सरकार बिजली बिल में कटौती वापस ले। जिसमें आम आदमी को राहत मिलसके।आगे कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए प्रति यूनिट 20 पैसे की बिजली दर वृद्धि का निर्णय बेहद निंदनीय है। यह फैसला प्रदेश की आम जनता, विशेषकर गरीब, मध्यमवर्गीय परिवारों और किसानों की जेब पर सीधी चोट है। उन्होंने मांग की है कि सरकार अपना फैसला वापस लें। साथ ही सरकार ऊर्जा नीति में पारदर्शिता लाए और उपभोक्ताओं के हितों को प्राथमिकता दें। उद्योग तथा व्यावसायिक संस्थानों में भी 20 पैसे प्रति यूनिट बिजली बिल दरों में वृद्धि होगी तो घरेलू सामान के दाम बढने से महंगाई भी बढ़ेगी। आम आदमी परेशान है। बिजली बिल में बढ़ोतरी करके राज्य सरकार गरीब परिवारों के जेब में डाका डाल रही है।



■ आमजन की जेब में डाका

# स्कूली बच्चों ने कानून से जुड़े तमाम पहलुओं को समझा साक्षरता शिविर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

■ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन स्कूली छात्र-छात्राओं को दी जानकारी




शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला गुजरा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार एवं अध्यक्ष, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के. विनोद कुजूर एवं सचिव उमेश कुमार भागवतकर के मार्गदर्शन में यह आयोजन हुआ। इस शिविर में थाना पाटन के स्टाफ स्कूल के अध्यापक अधिकार मित्र भी मौजूद रहे। विधिक जागरूकता शिविर में बताया गया कि मध्यस्थता विवादों को निपटाने की न्यायिक प्रक्रिया से भिन्न एक वैकल्पिक प्रक्रिया है, जिसमें एक तीसरा स्वतंत्र व्यक्ति मध्यस्थ दो पक्षों के बीच अपने सहयोग से उनके सामान्य हितों के लिए एक समझौते पर सहमत होने के लिए उन्हें तैयार करता है। इस प्रक्रिया में लचीलापन है और कानूनी प्रक्रियागत जटिलताएं नहीं है। इस प्रक्रिया में आपसी मतभेद समाप्त हो जाते हैं अथवा कम हो जाते हैं। मध्यस्थता से होने वाले निम्नलिखित लाभों के बारे में बताया गया। घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 के संबंध में जानकारी दी गई। पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के संबंध में जानकारी दी गई । नालसा (नशा पीड़ितों का विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन) लोगों को नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित किया गया । कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 के संबंध में जानकारी दिया गया। इस अवसर पर अधिकार मित्र यशवंत साहू, परमेश्वर लोधी सहित स्कूल के स्टाफ भी मौजूद रहे।

**विचक्षण जैन विद्यापीठ में इन्वेस्टिचर सेरेमनी का हुआ आयोजन**

# विद्यार्थियों ने ली सेवा, नेतृत्व और कर्तव्य निष्ठा की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी




स्थानीय विचक्षण जैन विद्यापीठ में विद्यार्थियों के नेतृत्व कौशल को प्रोत्साहित करने हेतु इन्वेस्टिचर सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ए. पी. सिंह तथा 'लाइफ एजुकेयर' के संचालन प्रमुख वेंकटेश अय्यर की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। तत्पश्चात छात्र प्रतिनिधि मंडल का औपचारिक चयन एवं शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ।

समारोह में हेड गर्ल के रूप में देशना पगारिया और हेड बॉय के रूप में भाव्य जैन का चयन किया गया। दोनों ने ईमानदारी, सेवा, नेतृत्व और कर्तव्य के प्रति निष्ठा की शपथ ली। वेंकटेश अय्यर ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक सच्चा नेता वह होता है जो पहले स्वयं को अनुशासित करता है और फिर दूसरों को प्रेरित करता है।

उन्होंने विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य एपी सिंह ने सभी चयनित छात्र नेताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह अवसर केवल एक पद नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व निभाने के लिए है। आप सभी विद्यालय का गौरव बढ़ाएँ। अंत में सभी गणमान्य अतिथियों एवं शिक्षकों ने छात्र नेताओं को शुभकामनाएं दी साथ ही प्राचार्य एपी सिंह ने विद्यालय प्रबंधन का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग, मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

## खबर संक्षेप



### गुरु पूर्णिमा पर महापौर ने प्राचार्य का किया सम्मान

**दुर्ग।** महापौरअलका बाघमार ने गुरुपूर्णिमा पर शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित डॉ कृष्णा अग्रवाल का शॉल, श्री फल, पुष्पमाला भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर दुर्ग नगर निगम महापौर अलका बाघमार के अलावा जिला संयोजक अजय तिवारी, विनोद चन्द्राकर, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र लोढ़ा, पार्षद सरिता चन्द्राकर, लोकेश्वरी ठाकुर, राम अग्रवाल, भावेश अग्रवाल आदि मौजूद रहें।

### जल भराव से बचने निगम करा रहा सफाई



**दुर्ग।** नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने अधिकारियों के साथ आपापुरा, गंजपारा क्षेत्र वार्ड में सफाई कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई कर्मी को निर्देश दिए की नालियों की तले से सफाई कराई जाए। वार्डो का निरीक्षण कर रहे निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने साथ चल रहे अधिकारियों को वार्ड की छोटी व टूटी नालियों की मरम्मत के लिये प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये। कच्ची सड़कों में डस्ट डलवाने की बात कही। नगर निगम आयुक्त ने कहा कि शहर की स्वच्छता को प्राथमिकता दी जाए। शहर की सफाई व्यवस्था के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद, कुणालए राहुल सहित अमला मौजूद रहें। मुख्य मार्गों से यातायात में बाधित सड़क किनारे पड़े कंडम, गाड़ियों पर कार्रवाही कर जब्त करने अधिकारी को निर्देशित किया।

**बैठक :** राजस्व अधिकारियों से चर्चा के दौरान पात्र कृषकों की ली जानकारी

# पिछले साल के मुकाबले आधा पंजीयन कलेक्टर ने कहा-लंबित प्रकरण बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

खरीफ सीजन में किसान पोर्टल में पिछले साल के मुकाबले बेहद कम पंजीयन होने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई है। उन्होने मोबाइल ऐप, कॉमन सर्विस सेंटर और पटवारियों के जरिए पंजीयन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए है। साथ ही कलेक्टर लंबित राजस्व प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर कृषक पंजीयन (फार्मर रजिस्ट्री) की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी पात्र कृषकों का पंजीयन प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में यह जानकारी दी गई कि पिछले वर्ष 1,14,000 किसानों ने पंजीयन कराया था, जबकि इस वर्ष अब तक केवल 63,435 किसानों ने ही पंजीयन कराया है। कलेक्टर ने लक्ष्य पूर्ण करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। सभी कृषि भूमि का विवरण भू-अभिलेख के अनुसार सुनिश्चित किया जा सकेगा। प्रत्येक भूखण्ड एक या एक से अधिक भूधारक के नाम दर्ज होगा। प्रत्येक भूस्वामी का आधार नंबर प्रविष्टि होगा। भूमि के खरीदी ब्रिकी, उत्तराधिकारी या बंटवारा के माध्यम से भू-अभिलेख दुरूस्त किए जाने पर स्वतः अद्यतन होगा।

**दुर्ग जिले में अब तक 1.14 लाख किसानों ने कराया पंजीयन**



### प्रत्येक तहसीलदार करेंगे पांच गांव का निराकरण

बैठक में राजस्व संबंधी विभिन्न कार्यों की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, नक्शा बटांकन, डायवर्सन, और राजस्व वसूली की स्थिति की जानकारी ली और इन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा प्रत्येक तहसीलदार पाँच गाँवों का चयन कर वहाँ के भू-अभिलेखों की त्रुटियों की पहचान करें और उनका समयबद्ध सुधार करें। साथ ही डिजिटल हस्ताक्षर, आधार और मोबाइल नंबर की प्रविष्टि कार्यों को प्राथमिकता के साथ प्रतिदिन अपडेट करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विवादित नामांतरण प्रकरणों को शीघ्र निपटाने के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि एक पटवारी के पास दो से अधिक हल्के नहीं होने चाहिए। सीमांकन प्रतिवेदन की तिथि निर्धारित कर कार्य शीघ्र पूर्ण कराने और नक्शा बटांकन कार्यों के लिए टीम बनाकर तत्परता से कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने गिरदावरी सर्वेयर और राजस्व निरीक्षकों का प्रशिक्षण इसी माह आयोजित कराने के निर्देश भी दिए। नजूल पट्टा नवीनीकरण, नजूल राजस्व बकाया की वसूली और लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर जोर दिया गया। कोर्ट केसों को गंभीरता से लेने के निर्देश भी बैठक में दिए गए।

### भूअर्जन का नहीं हुआ निराकरण

कलेक्टर ने कहा कि, राजस्व से संबंधित कोई भी प्रकरण लंबित नही होने चाहिए। उन्होंने राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों तथा तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों से उनके न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरणों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों एवं मुआवजा भुगतान, भारतमाला परियोजना, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रकरणों का भी त्वरित निराकरण करने निर्देश दिए, जिससे प्रभावित लोगों को मुआवजा प्रदान करने में किसी भी प्रकार का विलंब न हो।

## डिजिटल सर्वे पर प्रति खसरा 10 रुपए मिलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भारत सरकार कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग द्वारा राज्य में एग्रीस्टेक परियोजना अंतर्गत डिजिटल फसल सर्वेक्षण 2025-2026 के तहत जिले के 337 ग्राम में खरीफ वर्ष 2025-26 में लगाये गए फसलों का डिजिटल सर्वेक्षण किया जाना है। सर्वेक्षण कार्य हेतु प्रत्येक ग्राम में 20 सर्वेक्षणकर्ताओं की नियुक्ति की जाएगी तथा सर्वेक्षण कार्य किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गत वर्ष डिजिटल फसल सर्वेक्षण 2024-25 अंतर्गत रबी एवं खरीफ फसलों का सर्वेक्षण किया गया। जिसमें ग्राम से ही सर्वेक्षणकर्ताओं की नियुक्ति की गई थी। इस कार्य हेतु सर्वेक्षणकर्ताओं को प्रति खसरा 10 रूपये की दर से भुगतान किया गया। डिजिटल फसल सर्वेक्षण रबी 2025 के तहत तहसील धमधा के अंतर्गत 61 ग्राम के कुल 68687 खसरों के डिजिटल सर्वे हेतु 6,86,870 रूपए की राशि का आबंटन किया गया। धमधा तहसील के ग्राम खिलोरा कलान के रितिक पटेल ने 2229 खसरा का सर्वेक्षण किया जिसके लिए उन्हें 22290 रूपए का भुगतान किया गया। इसी प्रकार ग्राम खैरझिटी ग्राम के आदित्य कुमार वर्मा ने 1645 खसरों का डिजिटल फसल सर्वेक्षण किया, जिसके लिए उन्हें 16450 रूपए का भुगतान किया गया।

### सर्वे के लिए दिया जा रहा प्रशिक्षण

इसी क्रम में इस वर्ष जिले के 5 तहसीलों में डिजिटल फसल सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए चयनित सर्वेक्षणकर्ताओं को तहसील अंतर्गत निरीक्षण मण्डल स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान की जाएगी। सर्वेक्षणकर्ताओं को प्रत्येक दिवस 25 खसरा सौंपा जाएगा। कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता के आधार पर अगले दिन के लिए नवीन खसरा आबंटित किया जायेगा। सर्वेक्षण कार्य की कुशलता को देखते हुए किसी दिवस विशेष में बार-बार भी खसरा आबंटित किया जा सकेगा। यह आबंटन पहले आओ, पहले पाओं के सिद्धांत के आधार पर किया जाएगा।




### मर्रा में चल रहा नियमित योग अभ्यास



**सेलूद।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर शासकीय आयुर्वेद औषधालय मर्रा के तत्वावधान में आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनीता साहू के मार्गदर्शन में नियमित योगाभ्यास योग प्रशिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा के सानिध्य में चल रहा है। जिसमें नियमित रूप से ग्रामीणों को रोगानुसार योग का अभ्यास कराया जा रहा है। इस दौरान कमर दर्द ,साइटिका, मधुमेह ,उच्च रक्तचाप संधिवात , साइनस ,एलर्जी ,माइग्रेन थायराइड, चर्म रोग अभ्यास करते हुए भुजंगासन, त्रिकोणासन,पवनमुक्तासन, चंद्रभेदी ,सूर्य भेदीप्राणायाम, मंडूकासन नाड़ी शोधन, उज्जायी प्राणायाम, अर्द्धहलासन, सर्वांगासन, उष्ट्रासन, सूर्य नमस्कार सहित विविध आसनों का अभ्यास नियमित रूप से कराया जा रहा है।

## शहीद पुलिस जवानों को दी गई श्रद्धांजलि



**भिलाई।** शहीद पुलिस जवानों की 16 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजली दी गई। 12 जुलाई 2009 को कोरकोटटी (कोहका) थाना मानपुर जिला राजनांदगांव में हुए माओवादी घटना में शहीद एसपी स्व. विनोद चौबे व 28 जवान शहीद हुए थे। दुर्ग पुलिस ने नेहरू नगर चौक स्थित शहीद पार्क में शहीद जवानों को यादकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान आईजी राम गोपाल गर्ग, एसएसपी विजय अग्रवाल, एएसपी सुखनंदन राठौर, पद्मश्री तंवर, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी,पुलिस लाइन डीएसपी चंद्रप्रकाश तिवारी, निरीक्षक विजय यादव मौजूद थे।

## विधायक ने निगम संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करवाने शासन को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



शासकीय संपत्ति पर अतिक्रमण विशेषकर नगरीय निकाय क्षेत्रों में बेहद बड़ी समस्या है जिसका मूल कारण वार्ड पार्षद और स्थानीय रहवासियों के पास उनके वार्ड की शासकीय संपत्ति ब्यौरा की प्रमाणित सूची का नहीं होना है इसलिए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने निगम के प्रत्येक वार्ड पार्षद को उसके वार्ड में स्थित शासकीय संपत्ति ब्यौरा दिलवाने की पदेन जिम्मेदारी पूरी करने का जिम्मा उठाया हैं।

विधायक ने यह जिम्मेदारी पूरी करने के लिए मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री एवं राजस्व मंत्री को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि भिलाई और रिसाली निगम संपत्ति ब्यौरा प्रत्येक वार्ड विवरण अनुसार सार्वजनिक कर प्रत्येक वार्ड में स्थित शासकीय संपत्ति की प्रमाणित सूची पार्षद को उपलब्ध करवाई जाए, जिससे कि प्रत्येक वार्डवासी को शासकीय संपत्ति की जानकारी मिल सके ।

वर्तमान परिस्थिति में निगम वार्ड संपति ब्यौरा सार्वजनिक किए जाने की प्रावधानित कार्यवाही प्रक्रिया व्यवहारिक नहीं है। इस संबंध में ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने पहल करते हुए आयुक्त नगर निगम रिसाली और भिलाई को पत्र लिखकर सूचित किया है कि निगम संपत्ति ब्यौरा सार्वजनिक करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करते हुए वस्तुस्थिति से अवगत करवाए। ताकि निगम संपत्ति को सुरक्षित किया जा सके।

## कराटे चैम्पियनशिप के लिए छग की पहली महिला रैफरी बनी बर्निता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई




■ आगामी दिनों होने वाली प्रतियोगिता में होगी शामिल

श्रीलंका के कोलंबो में आयोजित जूनियर, अंडर-21 एवं सीनियर कराटे प्रतियोगिता में एशियन कराटे फेडरेशन द्वारा रेफरी की परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में जापान, मलेशिया, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल सहित भारत के विभिन्न राज्यों से प्रतिभागियों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ राज्य से दो छात्र और छात्रा दीपक गुप्ता एवं बर्निता तालुकदार ने इस रेफरी परीक्षा में भाग लिया। सफलता पूर्वक उत्तीर्ण होकर न केवल भारत का बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य का भी नाम गौरवान्वित किया। एशियन कराटे फेडरेशन के कुल तीन जज एवं रेफरी हैं। फिनिक्स स्टूडियो कराटे डो ऑर्गनाइजेशन के टेक्निकल डायरेक्टर रेनसी अमल तालुकदार 2014 में छत्तीसगढ़ राज्य के पहले एशियन जज बने थे। अब उनके ही दो शिष्य दीपक गुप्ता और बर्निता तालुकदार एशियन जज बनकर राज्य को गौरव दिला रहे हैं।

**तालाब के पानी को स्वच्छ रखने के तरीकों पर हुई संगोष्ठी**

## जल संकट से बचने के लिए तालाबों का संरक्षण जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

**तालाब पार में रोपे गए 200 पौधे, पानी को स्वच्छ रखते हैं पेड़**



धमधा के शनिदेव तालाब बिरझापुर में आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने एकस्वर में तालाब के महत्व का बखान किया और कहा कि प्राचीन काल में तालाबों का बहुत अधिक महत्व दिया जाता था। इसीलिए छै आगर छै कोरी तालाब (126 तालाब) खोदने की परंपरा यहां प्रचलित रही। बारिश के पानी को रोककर भू-जल रिचार्ज करना प्राचीन परंपरा है। परन्तु आज तालाब संरक्षण के नाम पर इन तालाबों का गला घोंटा जा रहा है। तालाबों के पार को कांक्रीट से कुंड की तरह बनाया जा रहा है, जिससे तालाब के पार में रहने वाले सांप, केकड़ा व अन्य जीव समाप्त होते जा रहे हैं, ये जीव भूजल को पाताल तक पहुंचाने बिल बनाते थे। इसिलए तालाबों में सीमेंट कांक्रीट का उपयोग करना प्रतिबंधित किये जाने की आवश्यकता है। धर्मधाम गौरवगाथा समिति, अभिनव जीवन कल्याण समिति दुर्ग, हिन्द एथलेटिक्स क्लब और ग्राम पंचायत बिरझापुर ने मिलकर इस संगोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें प्राचीन काल में कैसे स्वच्छ रहते थे तालाब विषय पर वक्ताओं ने विचार रखे। इसके साथ ही शनिदेव तालाब की जीर्णोद्धार किया गया, जिसमें तालाब के पार में 200 पौधे रोके गए, ताकि तालाब का पानी सूखने से बचाया जा सके। पूर्व में शनि मंदिर के पास पथरीली जमीन है, जिसमें पंचायत ने रोजगार गारंटी से तालाब बनवाया था, परन्तु जमीन पथरीली होने के कारण वहां पानी नहीं रुकता है। इस तालाब में पानी रूक इसके लिए स्थायी उपाय करने पर विचार किया गया, जिसके तहत तालाब के पार में वृहद वृक्षारोपण आज किया गया। मुख्य अतिथि प. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के पूर्व कुलपति डॉ. एसके पांडेय थे। उन्होंने कहा कि हमारी धरती के सभी जीव-जन्तु सहअस्तित्वपूर्वक है। अध्यक्षता कर रहे घासीदास संग्रहालय रायपुर के पुरातत्वविद् प्रभात सिंह ने कहा कि हमारे प्राचीन ग्रंथो में जल का बहुत अधिक महत्व बताया गया है, तालाब किनारे पेड़-पौधे लगाए जाते थे, ताकि जल स्तर कम होने पर आसपास का पानी जड़ों से स्वच्छ होकर तालाब में आए। वीपी ताम्रकार ने बताया कि आज तालाबों के संरक्षण में क्रांकीटीकरण का प्रयोग किया जाता है, जिससे तालाबों में पानी रिसकर आना बंद हो गया है, इसके कारण तालाब का पानी सड़ रहा है। शनि मंदिर के संरक्षक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि तालाब में सांप, केकड़ा जैसे जीव होते हैं जिनके बिल गहराई तक पानी को जाने का रास्ता होते हैं। गांव के वरिष्ठ व्यासनारायण शर्मा ने कहा कि प्राचीन समय में तालाबों के किनारे इसीलिये पौधे लगाए जाते थे। उद्यानिकी विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी केएस सिन्हा को कांसे का लोटा और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। प्रतिवेदन वाचन अभिनव जीवन कल्याण समिति दुर्ग के अध्यक्ष जगमोहन सिन्हा ने किया, उन्होंने बताया कि उनकी संस्था बच्चों को करियर और शिक्षा के क्षेत्र में मार्गदर्शन प्रदान करती है। धर्मधाम गौरवगाथा समिति के संयोजक वीरेंद्र देवांगन, ईश्वरी निर्मलकर, सामर्थ ताम्रकार, अशोक देवांगन, सुजीत ताम्रकार आदि मौजूद थे।



# तालाब सौंदर्यीकरण के दौरान घटिया निर्माण, ढह गई दीवार, सब इंजीनियर को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई-चरोदा निगम के वार्ड 8-9 में बंधवा और बह्मनीन तालाब के सौंदर्यीकरण के दौरान दीवार ढहने का मामला प्रकाश में आया है। इसमें घटिया निर्माण की शिकायत के बाद आयुक्त ने जांच के निर्देश दिए हैं। कार्यएजेंसी चंद्राकर कंस्ट्रक्शन और गेडाम एंड संस से जवाब-तलब किया जा रहा है। इधर तत्कालीन सब इंजीनियर को नोटिस जारी किया गया है। विपक्ष के पार्षदों ने इस पूरे मामले में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। और स्वतंत्र एजेंसी से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के दो तालाबों में सौंदर्यीकरण के नाम पर घटिया काम किए जाने की बात सामने आई है। पहली बारिश में दीवार ढह गई। इस दौरान बम्हनीन गोलू चंद्राकर और बंधवा तालाब का काम रविन्द्र काम के द्वारा किया गया था। दोनों ही तालाबों में बनाई गई वर्षों पुरानी बोल्डर की दीवार पर ही नई दीवार खड़ी कर उसे पांच से छह फीट तक ऊपर उठा दिया गया। इसमें न कहीं कालम दिया गया और न ही नीचे से नए सिरे से कांक्रोटिंग की गई। इतना ही नहीं अर्थ प्रेशर रिलीज करने के लिए दीवारों के बीच-बीच में होल भी नहीं छोड़े गए।

## वार्ड 8 और 9 में बंधवा और बह्मनीन तालाब का डेढ़ करोड़ से हो रहा है कायाकल्प

### गड्ढा खोदा गया, लेकिन नियमत: फिलिंग नहीं की गई

जानकारी के मुताबिक रोड की और मिट्टी भी भरने के बाद उसे सही तरीके से फिलिंग तक ठेकेदारों द्वारा नहीं किया गया। बारिश का पानी आने के बाद दीवार गिरनी शुरू हो गई है। जनता से जुड़े विकास कार्यों के साथ ठेकेदारों द्वारा घटिया काम कर शासन के रुपयों की धज्जियां उड़ाई गई। मिली जानकारी के मुताबिक आयुक्त ने ठेकेदार गोलू चंद्राकर, रविन्द्र गेडाम को नोटिस जारी कर तालाब के टूटे दीवारों को दोबारा निर्माण करने का आदेश दिया है।



### निगम अधिकारियों पर लग रहे कमीशनखोरी के आरोप

इसके अलावा इनके द्वारा निगम क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों की जांच भी अब होगी। भिलाई-चरोदा निगम के तालाबों का सौर्यीकरण में भी अब अफसरों द्वारा कमीशनखोरी के आरोप लग रहे हैं। इसके कारण ही ठेकेदारों द्वारा विकास कार्यों में डंडी मारी कर घटिया निर्माण किया जा रहा है। बम्हनीन वार्ड 9 और बंधवा तालाब 8 में स्थित है। ठेकेदारों ने काम में निगम के इंजीनियरों ने डिजाइनिंग में की जमकर लापरवाही की है। इस तरह दीवार गिरने से कार्य की गुणवत्ता व डिजाइनिंग दोनों को लेकर ही सवाल उठने लगा हैं। दोनों ही वार्ड के पार्षदों ने जांच की मांग

### मामला संवेदनशील

दोनों ठेकेदारों को नोटिस जारी कर जांच बैठाया गया है। ढहे दीवार को ठेकेदारों द्वारा पूरा करना होगा। लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई।
**-डीएस राजपूत,** आयुक्त भिलाई-चरोदा निगम

### डिजाइन में लापरवाही

वर्कमेनशिप तत्कालीन इंजीनियरों द्वारा की गई है। डिजाइन में लापरवाही की गई है। नोटिस जारी कर तालाब में किए गए विकास कार्य करने वाले ठेकेदारों पर जांच बिठाई गई है। तत्कालीन सब इंजीनियर को भी नोटिस जारी किया जाएगा।
**-प्रकाश थवानी,** ईई भिलाई-चरोदा निगम

## खबर संक्षेप



### चरोदा में हाईवे पर तीन जगहों पर होगा मीडिल कट

**भिलाई।** फोरलेन सड़क पर चरोदा में भी तीन जगहों को मिडिल कट के लिए चिन्हित किया गया है। इसके लिए जिला व पुलिस प्रशासन ने सहमति प्रदान कर दी है। भाजपा के चरोदा मंडल अध्यक्ष ए गौरी शंकर ने एसडीएम भिलाई तीन महेश राजपूत, सीएसपी हरिश पाटिल को ज्ञापन सौंपकर जनहित में यह मांग की थी। फोरलेन सड़क के दोनों ओर पैदल आवाजाही के लिए मिडिल कट दिए जाने की सहमति पर चरोदा वासियों में राहत महसूस किया। गौरतलब हो कि कलेक्टर के आदेश पर जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा फोरलेन सड़क के डिवाइडर पर पैदल चलने वालों की सुविधा के लिए छोड़े गए मिडिल कट को बंद किया गया था। चरोदा वासियों को कामकाज के सिलसिले में पैदल सड़क पार आने जाने में काफी अतिरिक्त दूरी तक करने की दिक्कत का सामना करना पड़ता। इसे लेकर मंडल अध्यक्ष ए गौरी शंकर के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान डी वेंकट, अभय चौबे, प्रसून, राजेश, जी रामा रेड्डी, सुब्रत दास, ए वेंकटेशम , विनोद , आनंद टेम्बुरकर, गोल्डा मौजूद थे।

## निरीक्षण : रूसा की टीम सांइस कॉलेज पहुंची, योजनाओं की ली जानकारी

# रूसा के मद से फिजिक्स, केमेस्ट्री व माइक्रोबॉयोलाजी उपकरणों की खरीदी

### सेमीनार में हुए खर्च का भी ब्योरा लिया, पूछा-करोड़ों का फंड कहां खर्च किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में शनिवार को रूसा अर्थात राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान की टीम आईञ जिसका वर्तमान में नाम परिवर्तित होकर पीएम उषा हो गया है। विशेषज्ञ टीम ने कालेज का भौतिक रूप से निरीक्षण किया। इस कालेज में रूसा द्वारा दिए गए करोड़ों रुपये के फंड का इस्तेमाल टीम ने देखी। फिजिक्स, केमेस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी के विद्यार्थियों के लिए खरीदे गए उपकरणों का अवलोकन किया। सेमीनार व अन्य कार्यक्रम में हुए खर्च का ब्योरा भी लिया। टीम ने महाविद्यालय के विभिन्न विभागों तथा प्रयोगशालाओं एवं रूसा निर्मित कक्षों का भौतिक रूप से अवलोकन किया। दिल्ली एवं रायपुर से रूसा के निरीक्षण दल में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अंडर सेक्रेटरी घनश्याम, अनन्या पटनायक, दृष्टि गुप्ता, रूसा कार्यालय, रायपुर से संयुक्त संचालक, डॉ. अंजली अवधिया तथा सहायक संचालक डॉ. वेणु गोपाल एवं अपर संचालक उच्चशिक्षा दुर्ग संभाग डॉ. राजेश पाण्डेय उपस्थित थे।



### पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन दिया कॉलेज ने

निरीक्षण दल के समक्ष प्रस्तुतिकरण हेतु साईंस कालेज के प्राध्यापकों द्वारा पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण तैयार किया गया था। निरीक्षण दल ने महाविद्यालय के भौतिक, रसायन, माइकोबायलॉजी तथा इतिहास विभाग का भौतिक रूप से विजिट कर विद्यार्थियों हेतु रूसा मद से कय किये गये विभिन्न उपकरणों, विस्तार गतिविधियों तथा आयोजित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण दल के भ्रमण के दौरान प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिह वरिष्ठ प्राध्यापक ही जगजीत कौर सलूजा डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी, सुनीता मैथ्यू डॉ. अनिल पाण्डेय, डी. एस डी. देशमुख, डॉ प्रशात श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के प्राध्यापक उपस्थित थे।

### बस्तर लौह शिल्प कार्यशाला की सराहना

महाविद्यालय के रूसा प्रभारी प्राध्यापक डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय तथा डॉ. एस.डी. देशमुख ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि इतिहास विभाग में रूसा मद से आयोजित बस्तर लौह शिल्प कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों द्वारा निर्मित स्मृति चिन्ह की विशेषज्ञ दल के सदस्यों ने सराहना की तथा विद्यार्थियों के प्रोत्साहन हेतु कुछ स्मृति चिन्ह को कय भी किया। उन्होंने कहा कि रूसा मद में प्राप्त राशि का तत्काल पूर्ण रूप से उपयोग कर उसका उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का महाविद्यालय प्रयास करें, जिससे 2026 में रूसा के तृतीय चरण के आरंभ होने पर महाविद्यालय को उसकी आवश्यकता एवं नये पाठ्यक्रम हेतु और राशि प्रदान की जा सके। भ्रमण के पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने सभी अतिथियों को विद्यार्थियों द्वारा निर्मित स्मृति चिन्ह भेंट किया।



### सवाल भी पूछे टीम ने

बस्तर शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर के प्रतिनिधियों ने महाविद्यालय के आईक्यूएसी कक्ष में विश्वविद्यालय को रूसा मद से प्राप्त राशि के उपयोग से संबंधित प्रस्तुतिकरण दिया। प्रस्तुतिकरण के दौरान दिल्ली से आए विशेषज्ञ रूसा अधिकारियों ने अनेक प्रश्न पूछकर जानकारी प्राप्त की। बस्तर विश्वविद्यालय का प्रस्तुतिकरण देने वालों में डॉ. शरद नेमा, डॉ. समीर ठाकुर, डॉ. संजय डोगरे, डी.पी. देवांगन, के. आर. ठाकुर शामिल थे। बस्तर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव, ऑनलाईन रूप से पूरे प्रस्तुतिकरण के दौरान जुड़े हुए थे।

# संग्रहण केंद्रों में दो सौ करोड़ का 67 हजार मीट्रिक टन धान डंप, 31 तक उठाव चुनौती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

पिछली सरकारी धान खरीदी के बाद संग्रहण केंद्रों में रखे गए धान का अब तक उठाव नहीं हो पाया है। खरीदी समाप्त होने के पांच महीने बाद भी जिले के चार संग्रहण केंद्रों में दो सौ करोड़ रुपए का 67 मीट्रिक धान डंप पड़ा हुआ है। अब इस धान को 31 जुलाई तक उठाव करने की चुनौती विभाग के सामने है। इधर डंप धान में पहले गर्मी के तेज धूप के चलते सूखत देखने को मिली। वहीं अब बारिश के मौसम में भी भीगने की चिंता बनी हुई है। हालांकि विभागीय अफसरों का कहना है कि अगले तीन से चार सप्ताह में धान का उठाव कर लिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि सरकारी धान खरीदी वर्ष 2024-25 में राजनांदगांव जिले में कुल 70 लाख टन से अधिक धान की खरीदी की गई थी। बड़ी मात्रा में की गई धान खरीदी के बाद इसे सुरक्षित रखने के लिए जिले में स्थित चार संग्रहण केंद्रों में डंप किया गया था। संग्रहण केंद्रों में करीबन 1.74 लाख मीट्रिक टन धान रखा गया था। जिसमें से अब तक 1.07 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव कर लिए जाने की जानकारी मिली है। वहीं शेष धान का उठाव करने के लिए भी कार्य प्रगति पर है। हालांकि अब संग्रहण केंद्रों में धान ट्रकों में भरने के लिए हमालों की भी कमी होने लगी है। खेती-किसानी का काम शुरू होने के कारण हमाल अब खेतों की ओर रूख कर रहे हैं। जिससे आने वाले दिनों में यह समस्या और बढ़ सकती है। इधर डंप धान में सूखत एवं अन्य कारणों से कमी देखने को भी मिल रही है। हर बोरी में आधा किलो से सवा किलो तक वजन घटने की जानकारी सामने आई है।

# बारिश के बाद मौसमी बीमारियों का बढ़ा खतरा

### नगर निगम भिलाई के वार्डों में दवा का हो रहा छिड़काव, सफाईकर्मी सर्वे भी कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

निगम क्षेत्रांतर्गत मच्छर जनित रोग डेंगू, मलेरिया से बचाव एवं नियंत्रण हेतु मच्छर उन्मूलन कार्यक्रम हेतु निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा निर्देश दिए गए हैं । निर्देशों के

- डेंगू, मलेरिया के लार्वा खोजकर नष्ट किए जा रहे

परिपालन में स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली और वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के के सिंह के मार्गदर्शन में विगत दिनों हुई लगातार 4-5 दिनों वर्षा एवं रूक जाने के उपरांत निगम के सभी जोन के विभिन्न वार्डों में मच्छर लार्वा की उत्पत्ति न हो उसके लिए दवा छिड़काव कार्य जारी है । जोन -1नेहरू नगर में -46, जोन -2 वैशाली नगर में -36, जोन -3 मदर टेरेसा नगर में -25 एवं जोन -4 शिवाजी नगर में -46 कुल -131 स्थलों गड्ढों/नालियों के ठहरे बरसाती जमाव पानी में जला आयल का छिड़काव कार्य किया गया है। निगम का विशेष दस्ता एवं जिला मलेरिया विभाग के सर्वेलेंस कार्यकर्ताओं की संयुक्त टीम द्वारा सर्वेलेंस सर्वेक्षण एवं कीटनाशक औषधि का छिड़काव कार्य निरंतर जारी है।



01/07/2025 से 12/07/2025 तक कुल 652 घरों का सर्वेक्षण कर कुल -2373 (कूलर/टंकी/ड्रम - कंटेनर , अन्य स्त्रोत -3)का जांच किया गया। सर्वेक्षण के दौरान कूलर -125, टंकी -90, ड्रम/कंटेनर -109, अन्य स्त्रोत -3 कुल 327 पात्रों का संग्रहित पानी खाली कराया गया। सर्वेक्षण के दौरान कूलर -13, टंकी -9, ड्रम/कंटेनर -02 एवं अन्य स्त्रोत -3 कुल 24 स्त्रोतों में मच्छर लार्वा पाया गया, जिसमें स्प्रेयर पंप द्वारा पानी मिश्रित एक्यूगार्ड का छिड़काव कर विनिष्ट किया गया है।

महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, निगम क्षेत्र में मच्छर जनित रोग डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए ऐसे सभी भू स्वामियों से अपील किए हैं । जिनके खाली प्लाट में बरसाती पानी का जमाव हो गया है तत्काल पानी की निकासी स्वतः कराएं अथवा बरसाती ठहरे पानी में जला आयल का छिड़काव कर मच्छर लार्वा नियंत्रण कार्यों में अपना सहयोग दें।

### 738 कूलरों की सफाई

मच्छर लार्वा/व्यस्क मच्छरों के नियंत्रण के लिए स्प्रेयर पंप द्वारा कुल 738 कूलरों में पानी मिश्रित एक्यूगार्ड एवं व्यस्क मच्छरों के नियंत्रण हेतु 510 घरों में 842 कूलर में पानी मिश्रित मैलाथियान का छिड़काव कार्य किया गया है। जन समुदाय में जन जागरूकता लाने के लिए 198 पाम्पलेट वितरण कार्य के साथ सभी सर्वेक्षित घरों में मच्छर रोधी आवश्यक स्वास्थ्य शिक्षा दिया गया।

## प्री डीएलएड के नतीजे जारी, अगले माह होगी

**भिलाई।** डीएलएड प्रवेश परीक्षा के नतीजे जारी हो गए हैं। इसमें एडमिशन के लिए अगले महीने काउंसिलिंग होने की संभावना है। इससे पहले गुरुवार को व्यापमं की ओर से बीएड के नतीजे जारी किए गए थे। दोनों परीक्षाएं व्यापमं से 22 मई को आयोजित की गई थी। डीएलएड की प्रवेश परीक्षा के लिए इस बार 2 लाख 83 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। 206184 ने परीक्षा दिया। इसमें शामिल सभी परीक्षार्थियों के प्राप्तांक सहित कंबाइंड मेरिट लिस्ट जारी की गई है। पिछली बार राज्य के करीब 91 कॉलेजों में डीएलएड की 6720 सीटें थी। इस बार कुछ कॉलेजों को मान्यता नहीं मिली है। इस वजह से सीटें कम हो सकती है। डीएलएड के साथ ही बीएड की सीटें भी कम होगी। बीएड प्रवेश परीक्षा में 1 लाख 26 हजार 808 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। दोनों कोर्स में एडमिशन के लिए काउंसिलिंग इस महीने होने की संभावना थोड़ी कम है।

# पानी निकासी और एप्रोच सड़क बनाने विधायक ने किया वार्डों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर की जनसमस्याओं के समाधान के लिए शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने चार वार्डों का निरीक्षण किया। सुबह 8 बजे शुरू

- पीडब्लूडी की टीम के साथ 4 वार्डों का निरीक्षण

हुए इस मॉर्निंग विजिट में वे रायपुर नाका, पुलिस लाइन, गांधी चौक, पद्मनाभपुर एवं पोटिया चौक पहुंचे, जहाँ उन्होंने पीडब्लूडी की इंजीनियरिंग टीम के साथ मिलकर बारिश के दौरान होने वाली जलभराव की समस्याओं और ट्रैफिक दबाव को लेकर निरीक्षण किया। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री विष्णुदेव के सुशासन में दुर्ग के विकास में कोई कमी नहीं होगी दुर्ग का समग्र विकास करने हम लगातार कार्यरत है।



विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया कि बरसात के मौसम में जलभराव की स्थिति से बचने के लिए नालियों की व्यापक सफाई एवं छोटी नालियों को बड़ी नालियों से जोड़ने की योजना बनाई जा रही है, ताकि पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सके। इसके साथ ही नागरिकों को बेहतर एवं सुरक्षित आवागमन सुविधा देने के उद्देश्य से एप्रोच सड़कों का निर्माण कर उन्हें मुख्य सड़कों से जोड़ा जाएगा। दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र में आवागमन को बेहतर बनाने सभी वार्डों में वृहद स्तर पर सीमेंटीकरण सड़क बनाने कार्य जारी है।

दुर्ग जिला मुख्यालय होने के कारण यहाँ पर आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिकों का आवागमन होता है। इसे ध्यान में रखते हुए विधायक ने ट्रैफिक दबाव कम करने विभिन्न स्थानों का स्थलीय निरीक्षण कर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट डीपीआर तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान पार्षद संजय अग्रवाल, गुलाब वर्मा, देवनारायण तांडी, श्रीमती लोकेश्वरी ठाकुर सहित क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## जिले में सैकड़ों की संख्या में ढाबों में हो रही नशाखोरी

# ढाबा संचालकों पर बॉन्ड ओवर की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शहर के ढाबों में बढ़ते अपराधों पर लगाम कसने के लिए पुलिस संचालको का बॉड ओवर करने की तैयारी में जुट गई है।इसके लिए जिले के सारे ढाबों मे का थाना क्षेत्र में लिस्टिग तैयार हो गया है। इस दौरान संचालको का 20-50 हजार तक बॉड ओवर किया जाएगा। बॉड ओवर करने से ढाबों में होने वाले अपराधों पर अंकुश लग जाएगा। बॉड ओवर होने से ढबा में अपराध होता है तो संचालको के लिए बड़ी मुसीबत आ जाएगी। घटना होने के बाद ढाबा संचालक को बॉड को एसडीएम में जाम करना होगा। पुलिस जनता की सुरक्षा को लेकर ऐसा व्यवस्था करने का कदमउठाने वाली है। जिले के ढाबों का कोई समय नहीं होता संचालक अपनी मनमर्जी से खाना, पीलाना देर रात तक कराते है। खासकक नेशनल हाइवे पर स्थित ढाबों पर बड़ा लगाम कसने की तैयारी में जिले की पुलिस जुट गई है। एसएसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर जानकारी भी जुटाई जा रही है।

### देर रात तक खुले रहते हैं ढाबे, होती हैं संदिग्ध गतिविधियां, इसलिए निर्णय

देर रात तक खुलने वाले ढाबों में कुम्हारी, भिलाई तीन, खुर्सीपार, छावनी, सुपेला, स्मृति नगर, अंजोरा, रसमड़ा, जामुल, नेवई, पाटन, उतई समेत कई थाना क्षेत्रों में ढाबा संचालित है। थानों से सेटिंग कर देर रात तक ढाबा संचालक अपना कारोबार संचालित करते है। पुलिस पेट्रोलिंग तक ढाबा संचालकों को कुछ कार्रवाई नहीं करती है। इसके अलावा शहर के बड़े-बड़े होटलो में भी देर रात जाम छलकते देखा जाता है। इन ढाबों में हर थाना क्षेत्र में किसी न किसी अपराधिक मामले दर्ज है।इन ढाबों में मान अपराध भी पनपता है।

### अब तक हो चुके है ढाबों में अपराध

**केस 1:** चिखली स्थित इंदर ढाबा में हिस्ट्रीशीटर अवतार मरकाम की हत्या हुई थी। अवतार पार्टी मनाने दोस्तों के साथ ढाबा में खाना खाने गया हुआ था। नकाबपोश बदमाशों ने चाकू मारकर हत्या कर दी।

**केस 2:** अंजोरा बायपास में अर्जुन ढाबा में भी एक हत्या की घटना हुई थी, जिसमें दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया था। युवक दोस्तों के साथ पार्टी मनाने के लिए गया हुआ था।

**केस 3:** रिसाली निवासी साफ्टवेयर इंजीनियर प्रशांत तिवारी नामक युवक परिवार के साथ पार्टी मनाने अंजोरा-सोमनी बार्डर में बने ढाबा में पार्टी मनाने गया था। नशे की हालत में युवकों ने चाकू घोंपकर हत्या कर दी।

### होगा बॉड ओवर

ढाबों की लिस्टिंग करने का काम शुरू हो गया है। इनका भी बॉड ओवर किया जाएगा। ढाबे में अपराध घटित होने पर संपत्ति कुर्की होगी। नेशनल हाइवे किनारे और अन्य ढाबों के संचालकों का बॉड ओवर किया जाना है। तैयारी शुरू हो गई है। **-विजय अग्रवाल,** एसएसपी दुर्ग

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
9 रात व 10 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
16 अगस्त, 6 सितंबर, 17 सितंबर, 24 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

24x7
AAROGYAM
Superspeciality Hospital & Research Center
गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजी & लेप्रोस्कोपिक टीम
क्या आप इन समस्याओं से ग्रस्त हैं?
- पेट में जलन / गैस
- आंतों में जख्म / कैंसर
- पैंक्रियास में सूजन
- पित्त की नली में पथरी
- लिवर खराब होना
- पीलिया / हेपेटाइटिस
गैस्ट्रोएंटरोलॉजी सर्जरी में एक साल की अभूतपूर्व सफलता!
- 600+ एंडोस्कोपी (Endoscopy)
- 300+ कोलोनोस्कोपी (Colonoscopy)
- 60+ ईआरसीपी (ERCP)
- 600+ सफल लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
डॉ. जीवनलाल घीडले
MD (MED.) DM ( GASTRO ) PGI CHANDIGARH
ECG रिपोर्ट भेजें और जानिए अपने दिल की सेहत का हाल . निःशुल्क 7440711113
97554 21861 , 0788-2990458
NH53, डी-मार्ट के पास, बाईपास रोड, कादंबरी नगर दुर्ग , छत्तीसगढ़

हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 13 जुलाई 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

04

को-ऑर्ड सेट डिज़ाइंस से पाएं ऑफिस में परफेक्ट प्रोफेशनल लुक

## लाइव इवेंट

### जनसंख्या नियंत्रण कानून को जन-जन तक पहुंचाने चलाया जाएगा अभियान



**भिलाई।** राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट ने जनसंख्या नियंत्रण कानून को जन-जन तक पहुंचाने अभियान शुरू किया है। इसे लेकर एक दिन पहले कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। अब बैठक कर इसके बारे में जिले के हर व्यक्ति को जानकारी देने के उद्देश्य से अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। इसके बारे में बताया कि संस्था दिल्ली से संचालित है, जिसके राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी हैं।राष्ट्रीय संयोजिका ममता सहगल, संरक्षक केंद्रीय मंत्री गिरिराज, आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी इन्द्रेश है। भारत देश की सभी राज्य के सभी ज़िलों में जनसंख्या नियंत्रण क़ानून लागू हो। इसे लेकर हर जिले में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जा रहा है। सर्व हिन्दू समाज भी इसके समर्थन में आगे आया है। समाज के नेतृत्व में लोगों को इस बारे में जानकारी दी जा रही है। बताया जा रहा है कि देश के संविधान को बचाने के लिए यह कानून आवश्यक है। हिन्दू संगठनों का स्पष्ट कहना है देश में कौन से लोग सुनियोजित तरीक़े से जनसंख्या विस्फोट कर रहे हैं। चाहे वह किसी भी समाज के हों, पिछले 10 साल का आंकड़ा देखना चाहिए। सर्व सनातन समाज के आशीष शर्मा, कमल बिस्वाल, नारायण शर्मा, संजय श्रीनिवास, विशाल, डॉ. संदीप सनातनी, कबीर साहू ने इस बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## सिटी इवेंट

### गुरु का स्थान सबसे ऊंचा, बिना उनके ज्ञान प्राप्ति संभव ही नहीं



**भिलाई।** निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम नेहरू नगर भिलाई में गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भंते डॉ जीवक साहेब बुद्ध मंदिर कोसा नगर भिलाई थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आश्रम के कोषाध्यक्ष के पी साहू थे। स्वागत भाषण आश्रम के अध्यक्ष आत्माराम ने दी। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि बिना गुरु के ज्ञान प्राप्ति संभव ही नहीं है। मनुष्य जब से जन्म लेता है अपने को गुरु की शरण में ही पाता है। मां बच्चे को जन्म देती है और सांसारिक ज्ञान भी देती है। इस तरह जीवन के अंत तक गुरु के शरण में ही होते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे के पी साहू ने कहा कि गुरु का स्थान सबसे ऊंचा होता है। अज्ञानता से हमें प्रकाश की ओर गुरु ही ले जाते हैं। इसके अनेक वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। गुरु शिष्य परम्परा पर भजनों की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम में दलजीत साहू, गौकरण साहू, प्रेमा दास, रामाधार साहू, विनोद साहू, अशोक साहू, तिलक वर्मा, कुमार भारद्वाज, उर्मिला साहू, प्रेमलता साहू, शीला साहू, लक्ष्मी साहू, मीडिया प्रभारी डॉ दीनदयाल साहू , जयंती साहू के अलावा आश्रम परिवार के ट्रस्टी, प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, युवा और महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और सदस्यों के साथ ही गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



## सूरत, मुंबई, राजस्थान व दिल्ली से आए शिवभक्तों के परिधान इस बार सजे हुए मिलेंगे कांवड़

# कांवड़ यात्रा में ग्रुप में जाने युवाओं में बढ़ा क्रेज, कुर्ते, टी-शर्ट सहित गमछे में त्रिशूल और ओम को कस्टमाइज कराने दे रहे ऑर्डर

शिव आराधना के लिए शास्त्रों में सावन के महीने को श्रेष्ठ माना गया है। इस बार सावन महीना 11 जुलाई से शुरू हो चुका है। कल सावन के पहले सोमवार को सभी शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना एवं अभिषेक कराने का संकल्प लेने वाले भक्तों द्वारा विशेष आयोजन किये जाएंगे। आजकल युवा ग्रुप बनाकर एक जैसे प्रिंट के भगवा कुर्ते व टी शर्ट कैरी कर कांवड़ यात्रा के लिए जाने का क्रेज बढ़ा है। कई संस्थाओं एवं समाज से जुड़े लोगों द्वारा सावन में भव्य कांवड़ यात्रा भी निकाली जाएगी। इसमें शामिल भक्तों के लिए एक जैसा पहनावा तय होता है। यह पहल लंबी दूरी तक कांवड़ लेकर आने-जाने वाले भक्तों की सुविधा के लिए की जाती है। बल्कि में आयोजक कांवड़ियों के लिए टी-शर्ट, कार्यकर्ताओं के लिए कुर्ता और महिलाओं के लिए साड़ी भी विविध रेंज में आर्डर करते हैं। इस बार व्यापारियों ने कांवड़ियों के लिए 150 से 500 की रेंज में टी-शर्ट व हाफ पैंट मंगाया है, जो प्लेन व प्रिंट में भी बिक रहा है।

**भिलाई।** हर साल की तरह इस बार भी भगवान शिव का प्रिय मास श्रावण के पहले सोमवार के लिए ट्विनसिटी के सभी बाजार सजे हुए है।

पावर हाऊस, रिसाली, दुर्ग इंदिरा मार्केट सहित शहर के थोक बाजार में रौनक बढ़ने लगी है। इस बार सूरत, मुंबई, राजस्थान व दिल्ली से मंगाए गए शिव व महाकाल प्रिंट वाले टी-शर्ट और कुर्ते खास हैं।

महाकाल और ओम नमः शिवाय लिखे गमछे भी शिव भक्तों के लिए व्यापारियों ने मंगाए हैं। सावन में कांवड़ खरीदने के लिए भक्तों को सौ रुपए खर्च करने होंगे। इसके बाद कांवड़ को सजाने-संवारने की जरूरत नहीं होगी।



### कस्टमाइज कराने दे रहे ऑर्डर

लक्ष्मी फोटो स्टूडियों पावर हाऊस के संचालक अजय पांडेय बताते है कि ट्विनसिटी में युवाओं का एक वर्ग ऐसा भी है, जो कांवड़ यात्रा में पहने जाने वाले परिधानों को विशेष ऑर्डर पर तैयार करवा रहा है। जिसे मशीन से कस्टमाइज करा रहे है। वे सामान्य सफेद टी-शर्ट में अपनी इच्छानुसार प्रिंट करा रहे हैं। सफेद टी शर्ट के स्थान पर भगवा तथा लाल रंग का भी प्रयोग वे कर रहे हैं। इसके अलावा रुद्राक्ष माला की भी डिमांड सावन को देखते हुए बढ़ गई है। गले में इसे पहनने के अलावा हाथ में ब्रेसलेट के रूप में इसे पहनने के लिए भी यूथ खरीदी कर रहे हैं। कई आकार में ये मार्केट में आए हुए हैं। इनमें सर्वाधिक चिकी मध्यम आकार वाले रुद्राक्ष की है। आकार घटने के साथ ही इसकी कीमत बढ़ती जाती है।

### युवाओं और बच्चों में बढ़ा क्रेज



व्यापारियों ने बताया कि पॉश कॉलोनियों व सोसायटी में रहने वाले लोग भी बच्चों के साथ कांवड़ यात्रा में शामिल होने लगे हैं। इस वजह से अब महाकाल व ओम नमः शिवाय लिखे टी-शर्ट व हाफ पैंट और कुर्ते की रेंज 150 से 500 तक पहुंच गई है। राजस्थान के चुरु क्षेत्र का चर्चित महाकाल व शिव संकीर्तन प्रिंट कुर्ता लेने के लिए लोगों को इस बार 100 से 250 रुपए खर्च करने होंगे। व्यापारी संजय बताते हैं कि अब नौकरी पेशा लोग ग्रुप बनाकर कांवड़ यात्रा से पहले ऑर्डर बुक कराने के बाद किसी भी शिवालय के लिए कांवड़ लेकर निकलने लगे हैं।

### कलश के लुक वाले लोटे में जल छलकने की चिंता नहीं

कांवड़ यात्रा में शामिल होने वाले लोग जिस आस्था केंद्र से कांवड़ मरते हैं, वहां से लेकर जहां उन्हें अभिषेक करने का संकल्प लिया होता है, वहां तक के रास्ते में कांवड़ को जमीन रखना नहीं होता है। इस दूरी के बीच लोटे में लिए गए जल को बचाना आसान नहीं होता है। इससे लोगों को बचाने के लिए बाजार में कलश के लुक वाला लोटा आया है। ढक्कन लगे हुए लोटे को कांवड़ में रखने से यात्रा के दौरान जल को छलकने से बचाने क्की चिंता दूर हो जाती है। आकर्षक लोटे का चलन अब बड़े आयोजनों ही नहीं बल्कि युवाओं द्वारा निकाली जाने वारणी कांवड़ यात्रा में भी देखने को मिलने लगा है। सुविधा और मांग को देखते हुए दुकानदार इसे आर्डर कर रहे है।

### बांस के कांवड़ की दस मिनट में सजावट

पावर हाऊस के व्यापारी दिनेश ने बताया कि शहर में लोगों के पास समय नहीं होता, इसलिए कांवड़ियों का हर साजो-सामान 10 मिनट में मिलने लगा है। थोक दुकानों में बांस के कांवड़ को सामान्य रूप से ही नहीं बल्कि सजाकर भी देने का चलन बढ़ा है। इसके लिए लोगों को भटकने की जरूरत भी नहीं है। कॉलोनियों व बस्तियों की दुकानों में भी इस बार कांवड़ियों के लिए जरूरी सामान रखने के लिए निगम सीमा के अलग-अलग क्षेत्र में दुकानों का संचालन करने वाले ही नहीं बल्कि दूसरे जिलों से व्यापारी भी आ रहे हैं। कांवड़ के लिए बांस की लकड़ी, दो प्लास्टिक का लोटा और दो रस्सी इस बार कांवड़ियों को 150 रुपए में मिलेगी।

# गुड टच बैड टच को लेकर स्कूलों में किया जा रहा जागरूक

**भिलाई।** पुलिस द्वारा ऑपरेशन विश्वास के अंतर्गत स्कूलों में विद्यार्थियों को जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान आत्म सुरक्षा के गुर सिखाए गए।

अनजान व्यक्तियों से अपनी निजी जानकारी शेयर ना करने के संबंध में जागरूक किया गया। मोबाइल के उपयोग में सावधानी बरतने से जुड़ी जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को साइबर डिजिटल अरेस्टिंग के बारे में बताया गया। अभियान के तहत सहायक उपनिरीक्षक संगीता मिश्रा ने शाला परिसर में उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं को सोशल मीडिया से संबंधित जानकारी दी। गुड टच बेड टच के बारे में बताया। पाक्सो एक्ट, नशे के उपयोग से होने वाली समस्या के बारे में अवगत कराया गया। नशे से मुक्त होने के विभिन्न प्रकार साधनों की जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को आवश्यक इमरजेंसी नंबर 112, 9479192099 की जानकारी दी गई। सोशल मीडिया का सेफ्टी फीचर के साथ उपयोग एवं 1930 इमरजेंसी नम्बर के बारे में बताया गया। दुर्ग जिले के स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल फरीद नगर सुपेला में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगभग 375 छात्र छात्राओं, स्कूल प्रिंसिपल एवं टीचर्स उपस्थित रहे।




## व्यापारी ई-वे बिल से संबंधित नए प्रावधानों का करें पालन, लापरवाही से बचें: कैट

**भिलाई।** राज्य कर विभाग ने 11 जुलाई को जारी आदेश के तहत समस्त जिलों में ई-वे बिल जांच के लिए सघन अभियान शुरू किया है। कैट दुर्ग ने व्यापारियों एवं उद्यमियों से अपील की है कि वे इस अभियान को गंभीरता से लें। ई-वे बिल संबंधी सभी नियमों का पालन करें। कैट इकाई अध्यक्ष प्रकाश सांखला ने बताया कि यह केवल टैक्स वसूली नहीं, बल्कि ईमानदार व्यापारियों की रक्षा हेतु अनुशासन की पुनर्स्थापना का कदम है, जो व्यापारी नियमों का पालन नहीं करेंगे। उन्हें माल और वाहन की जब्ती एवं जुर्माने का सामना करना पड़ सकता है। दुर्ग चेयरमैन पवन बड़जात्या ने बताया कि बिना ई-वे बिल के माल ले जाने पर कर के बराबर जुर्माना, वाहन की जब्ती और पिछली खरीद-बिक्री की पूछताछ अनिवार्य होगी। अब समय आ गया है कि हर व्यापारी ई-वे बिल नियमों को अपना लें और अपने कर्मचारियों को भी प्रशिक्षित करें। राज्य भर के ट्रांसपोर्ट नगर, बॉर्डर प्वाइंट्स, गोदामों और होलसेल क्षेत्रों में ई-वे बिल की सघन चेकिंग की जाएगी। बिना वैध ई-वे बिल माल जब्त किया जाएगा। कर के बराबर जुर्माना लगाया जा सकता है। प्रत्येक माल पर वैध ई-वे बिल बनाएं। वाहन संख्या, प्रेषण तिथि, एचएसएन कोड सही भरें। जीएसटीएन का मिलान हर बार सुनिश्चित करें। पवन बड़जात्या ने विशेष रूप से कहा कि हम चाहते हैं कि दुर्ग जिले के व्यापारी कभी भी जांच में न फंसें। अतः सभी व्यापारी अपने सिस्टम पारदर्शी रखें और नियमों का पालन करें।



## अनियमित खानपानी, जंग फूड, शराब का सेवन, देर रात भोजन बन रही वजह

# किडनी की बीमारी तेजी से बढ़ रही, हर साल मिल रहे 2 लाख से ज्यादा नए मरीज, पिछले कुछ सालों में 50% से ज्यादा की बढ़ोत्तरी

कार्नर न्यूज

भिलाई।
किडनी की बीमारियां पिछले कुछ सालों में तेजी से बढ़ रही है। यह बीमारी अब केवल बुजुर्गों तक सीमित नहीं है। बदलती जीवनशैली, गलत खानपान और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण किडनी की समस्या अब युवाओं में भी सामने आने लगी है। डॉक्टरों की मानें तो 18 से 40 वर्ष की आयु वर्ग के लोग अब इस गंभीर बीमारी का शिकार हो रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य प्रणाली पर दबाव बढ़ रहा है। किडनी फेल होना दुनिया में मौत का 17 वां और भारत में 8 वां सबसे बड़ा कारण है। डब्लूएचओ की रिपोर्ट के मुताबिक हर साल 2 लाख से ज्यादा लोग किडनी फेल होने के शिकार होते हैं। केवल 5 हजार लोग ही ट्रांसप्लांट करवा पाते हैं। ऑर्गन डोनेशन के बारे में जानकारी का अभाव और कम डोनर होने की वजह से किडनी ट्रांसप्लांट के लिए उपलब्ध नहीं हो पा रही है। देश में हर साल किडनी से जुड़ी गंभीर बीमारियों के 2 लाख से ज्यादा मामले सामने आते हैं।

### किडनी की बीमारी के बढ़ते कारणों को भी जानिए

**गलत खानपान:** अत्यधिक पैकेज्ड और प्रोसेस्ड फूड का सेवन युवाओं में बढ़ रहा है, जिसमें सोडियम, शक्कर और वसा की मात्रा अधिक होती है।

**कम शारीरिक गतिविधि:** ज्यादातर युवा अपनी दिनचर्या में शारीरिक श्रम को नजरअंदाज कर रहे हैं। लंबे समय तक बैठने और स्क्रीन पर ध्यान केंद्रित करने से किडनी पर भी बुरा असर पड़ता है।

**तनाव और अनिद्रा:** मानसिक तनाव और अनियमित नींद भी किडनी की समस्या को बढ़ाते हैं।

**दवाओं का अधिक सेवन:** बिना डॉक्टर की सलाह के दर्द निवारक और अन्य दवाओं का अत्यधिक सेवन किडनी पर दुष्प्रभाव डाल सकता है।

**नोट-** जैसा कि दुर्ग-भिलाई के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बताया।

### किडनी की बीमारी की समस्या से बचाव के लिए खानपान पर रखें ध्यान

डॉक्टरों की मानें तो किडनी की बीमारी से बचा जा सकता है। इससे बचाव के लिए नियमित रूप से रक्त परीक्षण और किडनी फंक्शन टेस्ट कराना चाहिए, ताकि बीमारी का शुरुआती दौर में ही पता चल सके। ताजे फल, हरी पत्तेदार सब्जियाँ, पानी और कम नमक वाली डाइट को प्राथमिकता दें। शारीरिक गतिविधियों और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। तनाव को कम करने के लिए ध्यान और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।

### युवाओं में यह बीमारी तेजी से बढ़ रही



किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. आरके साहू ने बताया कि आज युवाओं में रेनल फेलियर यानी किडनी फेल के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसा पॉलीसिस्टिक किडनी सिंड्रोम के कारण होता है, जो एक आनुवांशिक किडनी की बीमारी है और यह किडनी फेल का कारण बन सकता है। डायबीटीज और ब्लड प्रेशर के मामले में इलाज में देरी भी किडनी फेल का कारण बन सकती है। ऐसे मामलों में ट्रांसप्लांट की जरूरत होती है। 60 फीसदी युवा मरीजों में किडनी की बीमारी का इलाज उस समय होता है, जब बीमारी अंतिम अवस्था में पहुंच चुकी होती है और ऐसे में सिर्फ किडनी ट्रांसप्लांट या डायलिसिस का विकल्प ही बचा रहा जाता है।

### शुरुआती दिनों में बीमारी के लक्षण को पहचानना मुश्किल



आरोग्यम अस्पताल के किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. नवीन राम दारुका का कहना है कि शुरू में जब किडनी की बीमारी होती है तो इसके लक्षणों को पहचानना मुश्किल होता है। यही कारण है कि अक्सर इन बीमारियों का इलाज समय पर नहीं हो पाता। साथ ही, बीमारी के लक्षण बहुत साफ नहीं होते। ये लक्षण ब्लड प्रेशर या डायबीटीज के कारण भी हो सकते हैं, ऐसे में किडनी रोगों के लक्षण साफ न होने के कारण अक्सर मरीज को समय पर इलाज नहीं मिल पाता। इसलिए इसे लेकर सावधानी बरतना आवश्यक है।

## नए नंबर के लिए रजिस्ट्रेशन

### हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के लिए वैशालीनगर में शिविर आज से

**भिलाई।** एसएसआरपी नंबर प्लेट के लिए झूलेलाल धाम माता मंदिर वैशाली नगर में 13 और 14 जुलाई को कैम्प लगाया जाएगा। व्यापारियों और शहरवासियों की सुविधा के लिए यह सेंटर खोला जा रहा है। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक लगाया जाएगा। बता दें कि 1 अप्रैल 2019 सेपहले के वाहनों को ही नए नंबर प्लेट की आवश्यकता है। 15 साल से पुरानी गाड़ियों का नंबर प्लेट नहीं लग पाएगा। इसके लिए आपको आरटीओ ऑफिस ही जाना पड़ेगा। केवल CG - 07 की गाड़ियों के लिए ही रजिस्ट्रेशन होगा। नंबर प्लेट के लिए दोपहिया वाहन का 365 रुपए और चारपहिया वाहन का 656 रुपए चार्ज ऑनलाइन देना होगा। गाड़ी की ओरिजिनल आरसी बुक एवं आधार कार्ड लाना होगा और साथ में एक-एक फोटो कॉपी प्रस्तुत करनी होगी। इस दौरान सहयोग के लिए मनोहर कृष्णनी, महेश कुकरेजा, गोपाल राव, जय गेहानी, गोपी राजप्लानी, मनोहर थडानी, खिल्लूमल होतवानी, डॉ. हेमंत अंबवानी सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

## सिटी इवेंट

### छत्तीसगढ़ी अस्मिता के खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं, यादव समाज ने दिखाई एकजुटता



**भिलाई।** पचपेड़ी नाका रायपुर का नाम बदलने जाने को लेकर उपजे विवाद में दुर्ग-भिलाई के यादव समाज के लोग भी कूद पड़े हैं। उन्होंने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर पचपेड़ी नाका का नाम पुराना ही रहने दिए जाने की मांग की है। समाज की महिलाओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ी अस्मिता के खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। रायपुर में जिस प्रकार से छत्तीसगढ़ियों को अपमानित करने की साजिश रची जा रही है, उसका यादव समाज पूरजोर विरोध करता है। कृष्णा भगवान मंदिर अहीर समाज रायपुरा ट्रस्ट के बैनरतले महिलाओं ने विरोध दर्ज कराया। संस्था की महिला पदाधिकारियों ने श्रीमद्भागवत और पितांबरी गमछा पहनकर प्रत्येक अन्याय का संगठित विरोध करने का संकल्प लिया। इस दौरान अध्यक्ष करुणा यादव, सचिव निशा यादव, कोषाध्यक्ष वर्षा ऋतु यादव, त्रिवेणी यादव, संध्या यादव, सरोज यादव, दुर्गा यादव, चंचल यादव, मीना यादव सहित अन्य मौजूद थे। गहिरा गुरु राजेश यादव ने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ में बाहर से आकर बसे लोगों ने हम छत्तीसगढ़ियों का दमन और शोषण किया है। अब इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। छत्तीसगढ़िया एकजुट हो रहा है।

## धर्म लाइव

### गुरुओं का किया सम्मान, बताए मार्ग पर चलने लिया संकल्प



**भिलाई।** गुरु पूर्णिमा पर भारतीय जनता पार्टी भिलाई–3 मंडल के भाजपाइयों ने गुरुओं का सम्मान किया। उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर आध्यात्मिक, शैक्षणिक, खेल, कला, योग, सत्संगकर्ता, भगवताचार्य व गायत्री ज्ञान पीठ के गुरुओं का सम्मान किया गया। महामंत्री प्रेम लाल साहू ने जनता स्कूल भिलाई 3 के सेवानिवृत्त प्राचार्य लेखराम मढ़रिया, केसी सक्सेना, फुटबॉल के कोच पी बाबू राव एवं मानिक डे, राष्ट्रपति से सम्मानित शिक्षक संजय मैथिल, अजय पाठक, रामायण जायसवाल, घनश्याम साहू, मिलाप दास बंजारे को सम्मानित किया। इस अवसर पर पालिका की पूर्व पूर्व अध्यक्ष सीता साहू ने राधा स्वामी सत्संग सभा की रागी हेमलता गोयल, राधा माधव कश्न मंदिर के पुजारी पं. अजय शरण देवाचार्य, त्रिसंगम सतनाम धाम उमदा के पुजारी इतवारी राम मधुकर, सतनाम समाज के भंडारी राजा राम डहरिया को सम्मानित किया। कार्यक्रम में वरुण यादव, लंबोदर प्रसाद मिश्रा, प्रेमलता चंद्राकर, कृष्ण कुमार धुरंधर, मेघ कुमार वर्मा, श्रीनिवास राव, रवि नाहर, भगवान दास कुर्रे सहित अन्य मौजूद थे।

## स्पोर्ट्स इवेंट

### कुश्ती संघ का चुनाव, शिवसागर अध्यक्ष तो ऋषिकांत बने सचिव



**दुर्ग।** जिला कुश्ती संघ की आवश्यक बैठक महात्मा गांधी स्कूल में हुई। बैठक में जिला स्तरीय कुश्ती संघ का चुनाव किया गया। इसमें अध्यक्ष शिवसागर सिंह, उपाध्यक्ष अधिवक्ता ऋषिकांत तिवारी, सचिव नागेंद्र शर्मा, सह सचिव टिकेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष तोशानंद शुक्ला, संरक्षक ललित साहू, कार्यकारिणी सदस्य संतोष उपाध्याय, आदित्य साहू, डोमन निषाद, संतोषी चंद्राकर, समन्वयक आरती शुक्ला, मीडिया प्रभारी किशन साहू चुने गए। संघ के गठन के बाद प्रथम बैठक में राजस्तरीय अंडर 23 कुश्ती प्रतियोगिता द्वारा 2025 के आयोजन का निर्णय लिया गया। इसके लिए छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ से भी सहमति मिल गई है। प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी 22 से 24 अगस्त को रांची झारखंड में आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। बैठक में डोमेन, सत्येंद्र, किशन, कुंदन, मनोज, अमित, टीकू व्यास, लकी, आकाश सहित अन्य मौजूद थे।

### पवार क्षत्रिय संघ की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आज

**भिलाई।** राजाभोज मंगल भवन, दीक्षित कॉलोनी नेहरू नगर में 13 जुलाई दिन रविवार को दोपहर 1 बजे पवार क्षत्रिय संघ भिलाई-दुर्ग की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं राष्ट्रीय महासभा के पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। आयोजन में राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल चौधरी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. वायआर कटरे तथा समाज के वरिष्ठजनों के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न होगा। समाज के अध्यक्ष छोटेलाल पारधी एवं संगठन सचिव डॉ.दिलीप चौधरी ने समाज के लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

● भोलेनाथ का प्रिय मास श्रावण की शुरुआत से ही ट्विनसिटी में शुरू हुआ आयोजन

# 12 ज्योतिर्लिंग के प्रश्नों ने उलझाया, सावन के गीत और भजनों ने बांधा समां, शिव आराधना थीम पर हुआ सावन सेलिब्रेशन

**भिलाई।** सावन महिने की शुरुआत 11 जुलाई से हो चुकी है और कल भगवान शिव का प्रिय मास श्रावण मास के पहले सोमवार को विधि विधान से पूजा पाठ किया जाएगा। सावन लगते ही ट्विनसिटी की महिलाओं द्वारा सावन तीज सेलिब्रेशन का दौर शुरु हो चुका है। इसी कड़ी में

■ शिवालयों में विधि-विधान से की पूजा अर्चना

वूमेन पावर ग्रुप रिसाली द्वारा सावन सेलिब्रेशन का आयोजन होटल में किया गया। जिसमें सदस्याओं ने सावन की थीम पर गीतों और भजनों से समां बांधे रखा। वहीं शिव अराधना पर आधारित प्रश्न उत्तर राउंड में भगवान शिव की विधिवत पूजा विधि, 16 श्रृंगार के प्रकार सहित 12 ज्योर्तिलिंग से रिलेटेड प्रश्न पूछे गए और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। हरी व लाल चूड़ियों संग हरी साड़ी में महिलाओं ने रैंप वॉक भी किया। इस अवसर पर गुरु पूर्णिमा का पर्व भी मनाया गया।






### शिव आराधना के प्रश्नों ने उलझाया

वूमेन ग्रुप की अध्यक्ष प्रतिभा यादव ने बताया कि ग्रुप द्वारा समय-समय पर महिलाओं के लिए विभिन्न कार्यक्रम किये जाते है। इसी कड़ी में गर्मी की छुट्टीयों के बाद सावन की थीम पर सावन सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया गया था। जिसमें भगवान शिव के प्रिय मास श्रावण के महत्व व पूजा पाठ पर फोकस किया गया था। कार्यक्रम में महिलाएं हरी चूड़ीयां और साड़ियों के ड्रेस कोड में नजर आई। इस दौरान कई रोचक और मनोरंजक गेम्स भी खेले गए। प्रश्न उत्तर राउंड में सावन में ही शिव की पूजा का महत्व, विधिवत पूजा विधि, 12 ज्योर्तिलिंग कौन-कौन से है और किस राज्य में स्थित है, 16 श्रृंगार के नाम सहित कई आध्यात्मिक गेम खेले गए। जिसमें हाउजी और पॉसिंग बॉल में खूब एंजाय किया। हरी चूड़ीयों संग हरी साड़ी में महिलाओं ने रैंप वॉक कर डांस भी किया।

### सावन गीतों व भजनों की प्रस्तुति



ग्रुप की सदस्याओं ने सावन का महिना पवन करे सोर,, सावन के झूलों ने मुझको बुलाया, लगी आज सावन की फिर वो झड़ी है,, जैसे सावन के एक से बढ़कर एक गीतों और शिव के भजनों को गाकर माहौल को गीतों और सुमधुर भजनों से भिगो दिया। इस दौरान शिव भजनों ने भक्तिमय वातावरण बना दिया और सदस्याओं ने नृत्य भी किया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में शिप्रा मंडल, मीनू सोनी, बीना, वंदना सोनी, रुबी, जूली, वर्षा, मंजू, काशिश विजेता रही। कार्यक्रम के दौरान काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

### मनाई गई गुरु पूर्णिमा



इस अवसर पर गुरु पूर्णिमा का पर्व भी मनाया गया। सभी महिलाओं ने कार्यक्रम की शुरुआत में अपने-अपने गुरु जनों को याद कर प्रणाम किया और माता सरस्वती के समक्ष दीप जलाकार गुरु महिमा का बखान किया। गुरु पूर्णिमा का पर्व राधिक नगर शनि मंदिर में भी धूम-धाम से मनाया गया। इस दौरान मंदिर के पुजारी कौशलेन्द्र मणि त्रिपाठी के शिष्यों ने गुरु की पुष्प हार से अभिनंदन कर आर्शिवाद लिया।

## आध्यात्मिक...

### जैन आगम परमात्मा की वाणी का संग्रह है जो सभी को उनकी भाषा में देती है सुनाई



**नगपुरा पार्श्वनाथ तीर्थ में चातुर्मास का आयोजन, साध्वी आज्ञायशा ने बताई ज्ञान की सार्थकता**

**भिलाई।** श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में चल रही चातुर्मासिक प्रवचन श्रृंखला के अंतर्गत साध्वी आज्ञायशा ने कहा कि ज्ञान वही सार्थक है, जो आचरण में उतरे। उन्होंने श्रमण भगवान महावीर स्वामी के वचनामृत का उल्लेख करते हुए कहा कि जैन आगम परमात्मा की वाणी का संग्रह है, जो समवसरण में उपस्थित सभी को उनकी भाषा में सुनाई देती थी। साध्वी ने कहा कि प्ररूपणा का सार आचरण है और आचरण का सार मोक्ष है। शाश्वत सुख के लिए मोक्ष प्राप्ति ही एकमात्र लक्ष्य है। ज्ञानी होना बड़ी बात नहीं है, ज्ञानी वही है जो अपने ज्ञान को आचरण में लाएं। उन्होंने चातुर्मास आराधकों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान महावीर स्वामी ने स्पष्ट कहा है कि जीव के प्रत्येक सुख-दुख उसके अपने कर्मों का ही परिणाम हैं। परंतु मनुष्य अपने कर्मों को भूलकर दुख का कारण दूसरों को मानता है। वास्तव में भौतिक जगत में सुख क्षणभंगुर व अस्थायी है। मानव जीवन की सार्थकता परमात्मा की आज्ञा को शिरोधार्य कर उसका पालन करने में है। साध्वी ने कहा कि सम्यक दर्शन अर्थात सच्ची श्रद्धा से ही आचरण में उत्तमता आती है। सच्ची श्रद्धा से व्यक्ति में पर से स्व, विकार से निर्विकार, राग से वीतराग व अहंकारी से विनयी बनने का गुण आता है। मिथ्या ज्ञान को दूर कर सम्यक ज्ञान प्राप्त करने की पहली सीढ़ी श्रद्धा है। श्रद्धा के बिना न तो ज्ञान संभव है और न ही चारित्र का विकास, जिसके बिना मोक्ष की प्राप्ति नहीं हो सकती। इस अवसर पर आचारांग सूत्र का स्वर्ण-रजत-अक्षत से श्राविका निमिशा बेन संजयभाई शाह ने मांगलिक स्तोत्रों के साथ ज्ञान पूजा की। वहीं नागपुर के सुश्रावकवर्य जगदीश भाई सावड़ायिा ने प्रतिक्रमण से परिणति विषय पर विशेष व्याख्यान देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को लाभान्वित किया।

## मिली नई जिम्मेदारी

### सुमन कनौजे बनीं महिला चेंबर की अध्यक्ष, गीता व सरोजनी संरक्षक





**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की महिला इकाई की अध्यक्ष पद पर सुमन कनौजे का मनोनयन हुआ। संरक्षक पद पर गीता वर्मा और सरोजनी पाणिग्रही नियुक्त की गई हैं। कनौजे ने कहा कि वे महिला उद्यमियों को आगे बढ़ाने, उनके प्रशिक्षण, सशक्तिकरण और व्यापारिक अवसरों के विस्तार हेतु ठोस कार्य योजनाएं लागू करेंगी। उन्होंने कहा कि चेम्बर की महिला इकाई महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने हेतु जागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएं और नेटवर्किंग मंच प्रदान करेगी।

इस अवसर पर मौजूद महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि वरिष्ठ उपाध्यक्ष व उपाध्यक्ष के पद के साथ क्षेत्र का प्रभार भी सौपा गया है, ताकि क्षेत्र व चेम्बर के बीच समन्वय सुदृढ़ हो सके। वरिष्ठ उपाध्यक्ष की सूची में प्रेम रतन गहलोत, नरेश वासवानी, विकास सिंघल, चिन्ना राव, सुषमा जेठानी को भिलाई3 क्षेत्र, दर्शन खटवानी, मुकेश जैन, विनोद प्रसाद, राजकुमार जायसवाल, सरमद इमाम, उत्तम जैन, कैलाश नाहटा, हुबलाल चंद्राकर, अखराज ओस्तवाल, राजेश शर्मा, पवन अग्रवाल, हरीश शर्मा को शामिल किया गया।

इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद पर कैलाश बत्रा, विनोद वासवानी, भूषण अदलखा, पवन अग्रवाल, मनोज जैन, मो अब्बास, संतोष जायसवाल, मुकेश त्रिपाठी, राजीव गुप्ता, सुखदेव सिंह, मनोज मखीजा सहित अन्य शामिल हैं। कार्यक्रम में अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा, अनिल अग्रवाल, मनोहर कृष्णानी, सुनील मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

### तीन दिवसीय महारुद्राभिषेक का समापन कल



**भिलाई।** इस्पात नगर रिसाली स्थित सांई मंदिर के बाजू में स्थापित महामृत्युंजय मंदिर में 12,13 एवं 14 जुलाई को महारुद्राभिषेक का आयोजन किया गया है। इन तीन दिनों में काल सर्प दोष, पितृदोष एवं मंगलदोष निवारण के लिए भी हवन पूजन किया जा रहा है। जिसका समापन कल होगा। पंडित आचार्य श्रीनिवास ने बताया कि 108 शिवलिंग से महारुद्राभिषेक के साथ ही सहस्त्र रूद्राक्ष से शिवलिंग बनाकर अभिषेक किया जाएगा। तीन दिवसीय हवन-पूजन को विधि-विधान से संपन्न कराने दक्षिण भारत से पंडितों की टीम को आमंत्रित किया गया है। तीनों दिन पूजा का समय सुबह 8 से 12 बजे तक और शाम को 5 से 7 बजे तक रहेगा। आचार्य श्रीनिवासुलू ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्रावण मास में भगवान शिवजी का आशीर्वाद प्राप्त करने का अनुरोध किया है।

## कार्नर न्यूज

**वन महोत्सव सभ्यता और जीवन का उत्सव, हरी भरी धरा रखने लिया संकल्प**

### बच्चों ने नाटिका और नृत्य के माध्यम से बताया पेड़ों का महत्व, प्रकृति और पर्यावरण के रहस्य पर डाला प्रकाश



**भिलाई।** हरी भरी धरा के संकल्प के साथ शनिवार को शारदा विद्यालय, रिसाली में वन महोत्सव कार्यक्रम उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान बच्चों के लिए वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विद्यार्थियों द्वारा प्रकृति में निहित, कृतज्ञता में बढ़ते विषय पर आयोजित किया गया था, जिसकी शुरुआत एक प्रतीकात्मक प्रार्थना सभा से हुई। बच्चों ने पेड़ों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने एक अर्थपूर्ण नाटिका और नृत्य के माध्यम से प्रकृति और पर्यावरण के रहस्य तथा प्रकृति के संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शकुन्तला ग्रुप स्कूल्स के डायरेक्टर संजय ओझा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण ही संपूर्ण संरक्षण प्रक्रिया की नींव है, इसका शुभ संकल्प ही मानव जीवन की सुन्दरता का पूरक है, उन्होने सभी से प्रदूषण मुक्त पर्यावरण बनाने की अपील की।



### विद्यार्थी हुए पर्यावरण मित्र पुरस्कार से सम्मानित

विद्यार्थियों ने प्रकृति को हरा-भरा रखने की शपथ ली। इसके बाद शाला के डायरेक्टर संजय ओझा द्वारा विद्यार्थियों को पर्यावरण मित्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार प्रतिवर्ष शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के बगीचे का निरीक्षण करने के बाद दिया जाता है। जिसमें इस वर्ष प्रथम पुरस्कार कक्षा दसवीं के अनुभव सिंग, द्वितीय पुरस्कार कक्षा छठ्वी अंशराज सिंग, कक्षा सातवीं राजवंश सिंग और तृतीय पुरस्कार समृद्धि गायकवाड को उनके अभिभावकों के उपस्थिति में दिया गया। मुख्य अतिथि संजय ओझा ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया।

### उत्साह पूर्वक पौधरोपण में लिया भाग

विद्यालय के इको क्लब द्वारा पेड़-पौधों के जीवन और उनके महत्व से सम्बन्धित प्रदर्शनी भी लगाई गई। वन संरक्षण के अन्तर्गत उत्सव में चेयरमैन स्कूल मैनेजिंग कमेटी विपिन ओझा, विद्यालय मैनेजर ममता ओझा, प्राचार्या सुतापा सरकार, उपप्राचार्य रूद्रकांत झा, हेड मिस्ट्रेस पुष्पा सिंह, सीनियर मिस्ट्रेस शिष्टी राव, गतिविधि प्रभारी पूजा बब्बर, प्रतीक ओझा ने पौधारोपण में उत्साह पूर्वक अपनी भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भी उत्साह से भाग लिया। सभी ने मिलकर विद्यालय परिसर में कई पौधे लगाए। इस पहल से स्कूल का वातावरण हरा-भरा होगा। साथ ही छात्रों में पर्यावरण संरक्षण की भावना भी बढ़ेगी। यह पर्यावरण उत्सव हर साल स्कूल में मनाया जाता है। कार्यक्रम में स्कूल की सभी अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल रहीं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पेड़ों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना था। बच्चों ने एक अर्थपूर्ण नाटिका और नृत्य के माध्यम से प्रकृति और पर्यावरण के रहस्य तथा प्रकृति के संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त, छात्रों ने प्रकृति के संरक्षण का संकल्प भी लिया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### ट्रायल जारी, अंडर-14 के 214 खिलाड़ियों ने लिया भाग



**रायपुर।** रायपुर जिला क्रिकेट संघ ने वर्ष 2026-27 के लिए सभी वर्गों के ट्रायल 11 जुलाई से शुरू कर दिए है। इसके पहले एक जुलाई से 07 जुलाई तक सभी वर्गो के खिलाडियों का पंजीयन किया गया। इसके उपरांत वर्गवार खिलाडियों का ट्रायल शुरू हो गया है। दूसरे दिन शनिवार को आर डी सी ए इंडोर स्टेडियम, तेलीबांधा रायपुर में अंडर 14 वर्ग के लगभग 214 खिलाडियों का ट्रायल हुआ। आज के ट्रायल को 3 स्लॉट में लिया गया। पहला स्लॉट सुबह 8।30 बजे से प्रारंभ हुआ। खिलाडियों को क्रमशः प्रारंभिक बल्लेबाज, मध्यक्रम बल्लेबाज, तेज गेंदबाज तथा स्पिन गेंदबाज वर्ग में विभाजित कर ट्रायल लिया गया। 14 जुलाई को अंडर 16 वर्ग के खिलाडियों का ट्रायल जारी रहेगा, जो 3 स्लॉट में होगा।

### जिला मानसून टेटे सुपर लीग में रोमांचक दौर



**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ की ओर से तीन दिवसीय जिला मानसून लीग सप्रे शाला टेबल टेनिस हॉल आयोजित की गई। संघ के सचिव विनय बैसवाड़े ने बताया कि अभी तक के मुकाबले में सीनियर पुरुष एकल, सीनियर महिला एकल, यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालक एकल, यूथ अंडर-17 (जूनियर), बालिका एकल एवं यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालक एकल वर्ग संपन्न हुए । सीनियर पुरुष वर्ग (ग्रुप ए) ग्रुप से अर्जुन मल्होत्रा एवं कल्पेश जादवानी ने सुपर लीग में प्रवेश किया। सीनियर पुरुष वर्ग (ग्रुप बी) ग्रुप से प्रणय चौहान एवं आर्यन सिंह ने सुपर लीग में प्रवेश किया। सीनियर पुरुष वर्ग (ग्रुप सी) ग्रुप से अरिंदम देबनाथ एवं सिद्धा धूपर ने सुपर लीग में प्रवेश किया। सीनियर पुरुष वर्ग (ग्रुप डी) ग्रुप से एम रविराज एवं लोकेश जांगड़े ने सुपर लीग में प्रवेश किया। सीनियर महिला वर्ग सुपर लीग में समाया पांडे, आरना खोटेले, लावण्या पांडे आगे चल रहे हैं। यूथ अंडर--17 (जूनियर) बालक वर्ग सुपर लीग में अर्जुन मल्होत्रा, सिद्धा धूपर, श्रेष्ठ मिश्रा आगे चल रहे हैं। यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालिका वर्ग सुपर लीग में समाया पांडे, वेदी कछवाहा, आश्मी अग्निहोत्री और लावण्या पांडे आगे चल रहे हैं। कैडेट बालक (अंडर-13) वर्ग सुपर लीग में अभिनव पीटर, नीरव तिवारी, राघव अग्निहोत्री, मोक्ष वर्मा आगे चल रहे हैं। यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालक, यूथ अंडर- 13 (कैडेट) बालक, सीनियर पुरुष एवं महिला वर्ग के मैच खेले जा रहे हैं। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक अजीत बनर्जी एवं सहायक निर्णायक गीता पंडित और पीएन मजूमदार हैं।

### एशियन पिक्लबॉल में राजधानी के दो खिलाड़ी



**रायपुर।** एशियन जूनियर पिक्लबॉल चैम्पियनशिप में भाग लेने वाली भारतीय टीम में प्रदेश के दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है। छत्तीसगढ़ पिक्लबॉल के महासचिव रूपेंद्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि वियतनाम में 11 से 15 जुलाई तक यह स्पर्धा आयोजित है। छत्तीसगढ़ के जूनियर स्टेट चैम्पीयन आरिश आगा चौबे एवं संस्कृति तायल पानीपत नेशनल में अंडर 16 लड़कियों के वर्ग में ब्रोंज मेडल जीत चुकी है। दोनों ही खिलाड़ी ऑल इंडिया पिक्लबॉल एसोसिएशन के द्वारा आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने के पश्चात वियतनाम के लिये रवाना हुए। इस अवसर पर खिलाड़ियों को किट प्रदान करते हुए आईपा प्रेसिडेंट अरविन्द सुरेश प्रभु (दादा) ने खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन हेतु शुभकामनायें दी।

### राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप के लिए चार जिलों में ट्रायल आज



**रायपुर।** राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप 2025-26 के लिए नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा छत्तीसगढ़ टीम (पुरुष और महिला) के ट्रायल व प्रशिक्षण शिविर 13 जुलाई रविवार को प्रदेश के चार जिलों में आयोजित किए गए हैं। जिसमें दुर्ग, रायपुर, सरगुजा, जांजगीर-चांपा में शाम 05:30 बजे यह ट्रायल होगा। खिलाड़ियों को अपना मूल आधार कार्ड साथ लाना होगा तथा उनके पास एनएफआई पंजीकरण संख्या होनी चाहिए। यह सारी देते हुए नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के महासचिव राजेश राठौर ने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम, पलवल, हरियाणा में चौथी फास्ट-5 सीनियर राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप (पुरुष और महिला) 28 से 31 अगस्त तक और द्वितीय सीनियर राष्ट्रीय मिश्रित नेटबॉल चैम्पियनशिप (पुरुष एवं महिला) 28 से 31 अगस्त तक आयोजित की जाएगी।

## बढ़ती उम्र के साथ हड्डियों की सेहत पर पड़ता है असर

# दिनचर्या की इन गलतियों की वजह से बढ़ जाता है आर्थराइटिस का खतरा, बरतें ये सावधानियां

अक्सर कुछ लोगों कम उम्र में ही आर्थराइटिस की शिकायत हो जाती है, इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, इन्हीं में एक प्रमुख कारण है हमारी दिनचर्या की कुछ गलत आदतें। आइए इस लेख में जानते हैं दिनचर्या की किन गलतियों की से अर्थराइटिस की शिकायत होती है। आर्थराइटिस यानी जोड़ों का दर्द, सूजन और अकड़न, यह एक ऐसी समस्या है जो आमतौर पर उम्र बढ़ने के साथ होती है। लेकिन आजकल युवाओं में भी दिनचर्या की कुछ गलत आदतों की वजह से आर्थराइटिस का जोखिम बढ़ रहा है। हमारा गलत खानपान, गतिहीन जीवनशैली और कुछ अनुचित आदतें सीधे तौर पर आर्थराइटिस के खतरे को बढ़ा देती हैं। ये आदतें हमारे जोड़ों पर अनावश्यक दबाव डालती हैं और उन्हें कमजोर करती हैं।



खासकर, मानसून के मौसम में नमी और बदलते मौसम के कारण जोड़ों का दर्द और भी ज्यादा परेशान करने लगता है। अच्छी बात यह है कि यदि हम समय रहते कुछ सावधानियां बरतें और अपनी दिनचर्या में जरूरी बदलाव लाएं, तो इस खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। आइए इस लेख में हम उन आम गलतियों और जरूरी सावधानियों के बारे में जानते हैं, जिससे शरीर में आर्थराइटिस का खतरा बढ़ जाता है। सबसे पहले गलतियों के बारे में जानते हैं।

### गलतियां - गतिहीनता और खराब मुद्रा

दिनचर्या में लंबे समय तक बैठे रहना या गतिहीन जीवनशैली आर्थराइटिस का प्रमुख कारण है। ऑफिस में घंटों गलत मुद्रा में बैठने से जोड़ों और मांसपेशियों पर दबाव पड़ता है, जिससे रीढ़, घुटने और कूल्हों में अकड़न बढ़ती है। गलत तरीके से वजन उठाना या बार-बार झुकने से जोड़ों की कार्टिलेज घिस सकती है, जो ऑस्टियोआर्थराइटिस का कारण बनता है। इसके अलावा, व्यायाम की कमी से जोड़ों का लचीलापन कम होता है, जिससे दर्द और सूजन का खतरा बढ़ता है।



### असंतुलित आहार

असंतुलित आहार भी आर्थराइटिस के प्रमुख कारणों में से एक है। विटामिन D, कैल्शियम और ओमेगा-3 की कमी जोड़ों को कमजोर करती है। तला-भुना, प्रोसेस्ड फूड और चीनी युक्त खाद्य पदार्थ रूमेटॉइड आर्थराइटिस को ट्रिगर कर सकता है।

### मोटापा

इसके अलावा मोटापा भी एक बड़ा जोखिम है, क्योंकि अतिरिक्त वजन घुटनों और कूल्हों पर दबाव डालता है, जिससे कार्टिलेज तेजी से घिसता है। इसलिए अपने वजन का संतुलन बनाए रखना बहुत जरूरी है।

### सावधानियां-सक्रिय जीवनशैली और व्यायाम

आर्थराइटिस के जोखिम को कम करने के लिए सक्रिय जीवनशैली अपनाएं। रोजाना 30 मिनट का हल्का व्यायाम, जैसे टहलना, योग, या स्ट्रेचिंग, जोड़ों को लचीला रखता है और मांसपेशियों को मजबूत करता है। स्विमिंग और साइकिलिंग जैसे कम प्रभाव वाले व्यायाम जोड़ों पर दबाव डाले बिना उनकी गतिशीलता बढ़ाते हैं। सही मुद्रा में बैठें और भारी वजन उठाते समय सावधानी बरतें। नियमित रूप से पेल्विक फ्लोर और कोर स्ट्रेंथ एक्सरसाइज करें।

### आहार और चिकित्सीय सलाह

आहार में एंटी-इन्फ्लेमेटरी खाद्य पदार्थ जैसे हल्दी, अदरक, ओमेगा-3 युक्त मछली, नट्स, और हरी सब्जियां शामिल करें। विटामिन D के लिए धूप लें और कैल्शियम युक्त दूध, दही खाएं। वजन नियंत्रित रखने के लिए संतुलित आहार अपनाएं और प्रोसेस्ड फूड से बचें। अगर जोड़ों में दर्द, सूजन या अकड़न लंबे समय तक बनी रहे, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।





## भरी बरसात में भी आपके शरीर में हो सकती है पानी की कमी

बहुत से लोगों को लगता है कि शरीर में पानी की कमी सिर्फ गर्मी के मौसम में ही हो सकती है, लेकिन ये पूरा सच नहीं है। किसी भी मौसम में डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। आइए इस लेख में जानते हैं कि शरीर में पानी की कमी होने पर क्या लक्षण दिखते हैं। हमारे शरीर का ज्यादातर हिस्सा, लगभग 60-70%, पानी से बना है, जो शरीर को स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाता है। पाचन से लेकर रक्त संचार और शरीर का तापमान बनाए रखने तक, पानी हर जरूरी शारीरिक क्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लेकिन जब शरीर में पानी की कमी हो जाती है, जिसे हम डिहाइड्रेशन भी कहते हैं, तो यह स्थिति हमारे स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल सकती है।

डिहाइड्रेशन कई वजहों से हो सकता है, जैसे ज्यादा पसीना आना, बार-बार दस्त लगना या फिर पर्याप्त पानी न पीना। बच्चे और बुजुर्गों में डिहाइड्रेशन का खतरा अधिक होता है। अगर समय रहते इस पर ध्यान न दिया जाए, तो यह गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकता है। डिहाइड्रेशन के कारण थकान, चक्कर आना और कई बार तो इंसान बेहोश



भी हो सकता है। इसलिए, यह समझना बेहद जरूरी है कि डिहाइड्रेशन क्या है, इसके क्या लक्षण हैं, और सबसे महत्वपूर्ण है कि इससे बचाव के लिए किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। आइए इस लेख में इसी के बारे में जानते हैं।

### डिहाइड्रेशन के लक्षण

डिहाइड्रेशन के शुरुआती लक्षणों में प्यास लगना, मुंह सूखना, थकान और चक्कर आना शामिल हैं। गंभीर डिहाइड्रेशन में पेशाब का रंग गहरा पीला होना, कम पेशाब आना, त्वचा में रूखापन आना, तेज धड़कन और सिरदर्द जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। अगर डिहाइड्रेशन बढ़ जाए, तो यह किडनी की समस्या, बेहोशी या गर्मी से संबंधित बीमारियों जैसे हीटस्ट्रोक का कारण बन सकता है। इसलिए समय रहते इसपर ध्यान देना बहुत जरूरी होता है।

### डिहाइड्रेशन के कारण

डिहाइड्रेशन का मुख्य कारण पर्याप्त पानी न पीना है, खासकर गर्मी या मानसून में जब पसीना अधिक निकलता है। दस्त, उल्टी या बुखार के दौरान शरीर से तरल पदार्थ तेजी से निकलता है, जिससे डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ता है। अत्यधिक शराब या कैफीन का सेवन भी मूत्रवर्धक प्रभाव के कारण पानी की कमी हो सकती है। डायबिटीज या किडनी रोग वाले मरीजों में बार-बार पेशाब के कारण डिहाइड्रेशन होने की आशंका अधिक होती है।

### बचाव के उपाय

डिहाइड्रेशन से बचने के लिए दिन में 8-10 गिलास पानी पीएं। गर्मी या व्यायाम के दौरान हर 20-30 मिनट में पानी जरूर पिएं। दस्त या उल्टी के दौरान ओआरएस या नमक-चीनी का घोल शरीर में पानी का संतुलन बनाए रखता है। फल जैसे तरबूज, संतरा और नारियल पानी हाइड्रेशन बनाए रखने में मदद करते हैं। कैफीनयुक्त पेय और शराब से बचें। हल्के, ढीले कपड़े पहनें और गर्मी में बाहर निकलते समय छाता या टोपी का उपयोग करें। डिहाइड्रेशन एक ऐसी स्थिति है, जिसे सही समय पर उपाय करके रोका जा सकता है।



## रहना चाहते हैं फिट और हेल्दी तो अपनाएं इन्हें

रात का भोजन दिनभर के खानपान का अहम हिस्सा होता है। इसका आपके शरीर पर गहरा असर पड़ता है। रात को सही आहार खाना आपकी सेहत को बनाए रखने और नींद में सुधार लाने में मदद कर सकता है। अगर आप फिट और हेल्दी रहना चाहते हैं तो रात के खाने पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

### सूप

हरी सब्जियों और दाल से बना सूप शरीर को हल्का रखता है और पर्याप्त पोषण देने का काम करता है। यह पाचन को बेहतर बनाने में मदद करता है और वजन घटाने में सहायक हो सकता है।

### सलाद

ताजे फल और सब्जियों का सलाद, जैसे खीरा, टमाटर, गाजर, और पत्तेदार साग, विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होता है। सलाद हल्का और पचने में आसान होता है।

### दही

दही में प्रोबायोटिक्स होते हैं जो पाचन तंत्र को सही रखते हैं। आप इसे फल या शहद के साथ खा सकते हैं।

### दलिया

ओट्स फाइबर और प्रोटीन के लिए एक बेहतरीन सोर्स होते हैं। आप इसे दूध के साथ खा सकते हैं और अपनी पसंद के अनुसार फल डाल सकते हैं।

### अंडे

अंडे प्रोटीन और अन्य महत्वपूर्ण पोषक तत्वों



का अच्छा स्रोत हैं। आप उबले अंडे या ओमेलेट बना सकते हैं, जो हल्के और स्वादिष्ट होते हैं।

### कद्दू के बीज और नट्स

कद्दू के बीज और नट्स जिंक, आयरन और मैग्नीशियम का अच्छा स्रोत होते हैं, जो रात में शरीर की रिकवरी में मदद करते हैं। कुछ नट्स जैसे बादाम या अखरोट भी खाने के लिए अच्छे होते हैं।

### पकी हुई सब्जियां

हल्की पकी हुई सब्जियां जैसे ब्रोकोली, शिमला मिर्च, या लौकी आदि पचने में आसान और पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं।


### चिया सीड्स

चिया सीड्स ओमेगा-3 फैटी एसिड और फाइबर से भरपूर होते हैं। आप इन्हें दूध या योगर्ट में मिला सकते हैं।

### स्मूदी

स्मूदी एक हल्की और पौष्टिक स्मूदी, जिसमें फल, हरी पत्तेदार सब्जियां, और प्रोटीन पाउडर हो, रात के लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकती है।

## बिजनेस में तरक्की के लिए अपनाएं वास्तु उपाय, मिलेगी सही दिशाएं



हमारे घर से लेकर वर्कप्लेस तक के लिए कई ऐसे वास्तु नियमों के बारे में बात की जाती है जो जीवन में आपको उन्नति दिलाने में मदद कर सकते हैं। आइए जानें ऐसी ही कुछ वास्तु की टिप्स के बारे में जो आपके बिजनेस में तरक्की का कारण बन सकते हैं।

वास्तु शास्त्र आपके व्यवसाय में सफलता और वृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। आइए यहां जानें कुछ ऐसे वास्तु टिप्स जो आपके व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मदद कर सकते हैं और आपको जल्द ही मुनाफा होने लगेगा-

अगर आप बिजनेस में ग्रोथ के बारे में सोच रही हैं तो आपको बिजनेस की सही दिशा चुननी चाहिए। उत्तर, उत्तर-पूर्व और पूर्व दिशाएं किसी भी व्यवसाय की वृद्धि के लिए शुभ मानी जाती हैं।

अपने वर्कप्लेस को दक्षिण-पश्चिम या दक्षिण-पूर्व में रखने से बचें, क्योंकि ये दिशाएं आर्थिक हानि का कारण बन सकती हैं। वास्तु के अनुसार वर्कप्लेस पर बैठने के लिए सबसे अच्छी दिशा चुननी जरूरी है। वर्कप्लेस में प्रोडक्टिविटी बढ़ाने के लिए आपको और बिजनेस से जुड़े उच्च अधिकारियों को उत्तर या पूर्व की ओर मुख करके बैठना चाहिए। सभी एम्प्लोयी को ऐसे बैठना चाहिए कि उनकी पीठ मुख्य द्वार की ओर न हो।

किसी भी ऑफिस या दुकान का मुख्य द्वार आदर्श रूप से उत्तर, उत्तर-पूर्व या पूर्व दिशा की ओर होना चाहिए।किसी भी रूप में आप दक्षिण-मुखी प्रवेश द्वार से बचें, क्योंकि इससे व्यवसाय में संघर्ष और वित्तीय नुकसान हो सकता है। धन वृद्धि के लिए कैश काउंटर और लॉकर की स्थिति भी वास्तु अनुसार होनी चाहिए। धन को आकर्षित करने के लिए कैश काउंटर हमेशा उत्तर दिशा में होना चाहिए। ऑफिस के लॉकर या तिजोरी को उत्तर की ओर मुंह करके दक्षिण-पश्चिम दिशा में रखना चाहिए।

कार्नर न्यूज

## मसल्स बॉडी बनाना है तो अपनाएं सही तरीके

# मसल्स वाली बॉडी बनाने आजमाएं कुछ खास टिप्स

जिम जाकर खुद को फिट और बॉडी को बेहतरीन शेप देने की कोशिश कर रहे पुरुष चाहते हैं मसल्स वाली बॉडी बनाना। लेकिन कितने पुरुषों को इसका सही तरीका पता है? हो सकता है सबको सही तरीका पता हो, लेकिन इसके साथ किन गलतियों को करने से बचना है, वो न पता हो। जी हां अक्सर पुरुष मसल्स ग्रोथ करने की कोशिश में कुछ गलतियां कर बैठते हैं। ये वो गलतियां हैं जो आपकी घंटों की मेहनत को बेकार कर देती हैं। ये आपके मसल्स ग्रोथ को बेहतर होने ही नहीं देती हैं। हो सकता है आप भी जिम में पसीना बहाते हुए ऐसी ही गलतियां कर रहे हों। इन गलतियों को पहचान लीजिए और मसल्स ग्रोथ को बढ़ा लीजिए।



### लिफ्ट हों धीमे-धीमे

अक्सर कई पुरुष सोचते हैं कि बड़े मसल्स के लिए आपको भारी वजन जल्दी-जल्दी उठाना जरूरी होगा। लेकिन ऐसा नहीं है। आप भारी वजन उठाइए लेकिन धीरे-धीरे। दरअसल धीरे-धीरे किए गए रैप्स के साथ किसी खास मसल्स पर फोकस करना आसान हो जाता है। धीमे रैप्स के साथ मसल्स को उनके मोशन के फुल रेंज तक ले जाया जा सकता है। इसके साथ ग्रोथ और बेहतर और एक सी होती है

### भारी वजन के ज्यादा रैप्स

याद रखिए, आप अगर आपको मसल्स ग्रोथ बढ़ानी है तो भरी वजन उठाने के साथ इसके रैप्स भी ज्यादा करने की कोशिश करनी होगी। सुनिश्चित करें कि आप सही फॉर्म में वजन उठाएं। अगर आपको लग रहा है कि आप एक्सरसाइज का मोशन पूरा नहीं कर पाएंगे तो हल्का वजन ही उठाएं लेकिन एक्सरसाइज पूरी करें। लेकिन ये बात भी सही है कि ज्यादा वजन उठाने पर रैप्स ज्यादा नहीं हो पाते हैं। हालांकि आप भारी वजन के साथ 8 से 10 रैप्स ले सकते हैं। इसलिए इतना करने की तो कोशिश करें हीं।

### रिकवरी है जरूरी

याद रखिए, मसल्स ग्रोथ तब नहीं होती है जब आप जिम में मेहनत कर रहे होते हैं बल्कि ये तब होती है, जब मसल्स आराम कर रही होती हैं। किसी खास मसल्स ग्रुप की एक्सरसाइज करने के बाद इसे कम से कम 48 घंटे का आराम मिलना चाहिए। तब ये आसानी से रिकवर और ग्रो कर पाती हैं। इसके लिए टाइम टेबल बनाएं, जिसमें किसी खास मसल्स ग्रुप के लिए अलग-अलग दिन निश्चित किए गए हों। जैसे आपने सोमवार को लेग डे सुनिश्चित किया है तो अगली बार ये एक्सरसाइज गुरुवार को ही करें।



### एक ही मोशन की आदत है गलत

आपकी मसल्स को अगर एक ही तरह की एक्सरसाइज कराई जाती रहेगी तो इसको इसकी आदत पड़ जाएगी। इस आदत के चलते मसल्स ग्रोथ कम होने लगेगी। इसलिए जरूरी है कि आप मशीनों में हर कुछ दिन में बदलाव करते रहें। या फिर रैप्स की स्पीड और संख्या में भी बदलाव किए जा सकते हैं।

### धीमी मसल्स ग्रोथ

कार्डियो एक्सरसाइज जरूरी तो हैं लेकिन इनको सीमा से ज्यादा कर लेना भी सही नहीं है। ऐसा करने पर मसल्स ग्रोथ काफी धीमी हो जाती है।इसलिए अगर आप मसल्स ग्रोथ बढ़ाना चाहते हैं तो आपको एरोबिक एक्सरसाइज पर ज्यादा ध्यान देना होगा। कार्बोहाइड्रेट भी चुनें ऐसे मसल्स बनाने में कार्बोहाइड्रेट का रोल भी भरपूर होता है। कार्डियो एक्सरसाइज को हर हफ्ते 75 मिनट तक ही करें। 150 मिनट तक मॉडरेट एक्सरसाइज भी की जा सकती है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ब्रैड की दीवानगी का आलम, शेफाली बोली- 'कहने को मेरे पास शब्द नहीं...'



बॉलीवुड एक्ट्रेस शेफाली शाह अपनी एक सोशल मीडिया पोस्ट में हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की तारीफों के पुल बांधती दिखीं। आखिर क्यों इस हॉलीवुड एक्टर की दीवानी हो गईं शेफाली शाह? जानिए।

शेफाली शाह ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की, जिसमें वह हॉलीवुड एक्टर के अभिनय को जमकर सराहा रही हैं। साथ ही लोगों से एक गुजारिश भी कर रही हैं। आखिर क्यों इस कदर शेफाली शाह पर ब्रैड पिट का खुमार छाया हुआ?

हाल ही में हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' रिलीज हुई। यह फिल्म भारत में भी कमाल का कलेक्शन कर रही है। फिल्म की कहानी फॉर्मूला वन रेसिंग के ईद-गिर्द घूमती है। इस फिल्म और ब्रैड पिट की तारीफ शेफाली शाह कर रही हैं। वह अपनी पोस्ट में लिखती हैं, 'अगर आपने फिल्म 'एफ1' नहीं देखी है, तो अभी जाइए। आपको स्पोर्ट्स में इंट्रेस्ट हो या न हो। चाहे आपको रेसिंग के बारे में कुछ पता हो या न हो, चाहे आपको रेसिंग कारों में दिलचस्पी हो या न हो, बस इसे देखने जाइए।' शेफाली शाह आगे अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखती हैं, 'यह फिल्म रेसिंग के बारे में है। लेकिन यह सफलता और असफलता के बारे में हैं। दोस्ती, जुनून और टीम बॉन्डिंग के बारे में है।' फिल्म और इसकी कहानी के बारे में शेफाली तारीफों के पुल बांधती हैं। आखिर में वह लिखती हैं, 'ओह, मैंने ब्रैड पिट बारे में जिक्र नहीं किया? किया भी नहीं जा सकता है क्योंकि कहने को तो मेरे पास शब्द ही नहीं हैं।' ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' के भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो इसने अब तक 53.20 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया। इस फिल्म को भारतीय सिनेमाघरों में 11 दिन हो चुके हैं।

### टॉलीवुड

## 'कुबेर' की ओटीटी रिलीज तय, जल्द रंग जमाएगी धनुष-रश्मिका-नागार्जुन की फिल्म



धनुष की सामाजिक-राजनीतिक ड्रामा फिल्म 'कुबेर' ने सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन के बाद अब डिजिटल प्लेटफॉर्म की ओर कदम बढ़ाया है। आज कुबेर के निर्माताओं ने फिल्म की ओटीटी रिलीज को लेकर आधिकारिक घोषणा की है।

शेखर कम्मुला के निर्देशन में बनी फिल्म 'कुबेर' 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म अपनी बेहतरीन कहानी और स्टार्स के शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीत चुकी है। अब फिल्म 'कुबेर' ओटीटी पर स्ट्रीमिंग के लिए तैयार है। जानिए 'कुबेर' को कब और कहां देख सकेंगे।

सिनेमाघरों में रिलीज के चार हफ्ते बाद, 'कुबेर' 18 जुलाई से अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। यह फिल्म तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी में उपलब्ध होगी, ताकि पूरे भारत के दर्शक इसे देख सकें। इस आधिकारिक घोषणा के बाद धनुष, नागार्जुन और रश्मिका मंदाना के प्रशंसक बेहद खुश हैं। आज प्राइम वीडियो ने फिल्म कुबेर का एक पोस्टर शेयर किया । फिल्म 'कुबेर' में धनुष के साथ नागार्जुन और रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा, सयाजी शिंदे, जिम सर्भ, सुनैना, दलीप ताहिल, हरीश पेराडी और श्रावणी जैसे कलाकार भी महत्वपूर्ण किरदारों में नजर आए। सुनील नारंग और पुष्कर राम मोहन राव द्वारा निर्मित इस फिल्म का संगीत देवी श्री प्रसाद ने दिया है।

### भोजपुरी

## कांवड़ यात्रा पर निकले पवन 'हरियर चूड़िया खातिर' में बने शिव भक्त



भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह ने सावन से पहले 'हरियर चूड़िया खातिर' कांवड़ भजन रिलीज किया, जो तेजी से वायरल हो रहा है। इस गाने में पवन सिंह शिव भक्त के रूप में कांवड़ यात्रा पर हैं, जिसमें नम्रता सिंह उनकी पत्नी के किरदार में हैं।

भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह ने सावन से ठीक पहले अपना नया कांवड़ भजन गीत 'हरियर चूड़िया खातिर' रिलीज किया है। यह गाना 9 जुलाई को भोजपुरी चैनल पर आया और कुछ ही घंटों में दर्शकों का ध्यान खींच लिया। सावन से ठीक पहले पवन सिंह ने अपने फैंस के लिए ये गाना रिलीज किया है। जो सबको बहुत पसंद आ रहा है। इस वीडियो में पवन सिंह शिव भक्त बने हैं, जो कांवड़ यात्रा पर निकले हैं। वहीं नम्रता सिंह उनकी ऑनस्क्रीन पत्नी बनकर भावुकता जोड़ती हैं, जहां वे उनसे माफी मांगते दिखते हैं। इस दौरान गायिका शिल्पी राज की आवाज ने गीत को और भी खुबसूरत बना दिया है। रिलीज होते ही इस गाने को 1.7 मिलियन से भी अधिक बार देखा गया। सोशल मीडिया पर इस पर कई कमेंट्स आ रहे हैं, जहां कई लोगों ने लिखा- सावन आने में 5 दिन बाकी थे लेकिन आज लग रहा है सावन शुरू हो गया है। इतना ही नहीं, इसके लगभग 79 हजार लाइक्स भी मिल चुके हैं। 'हरियर चूड़िया खातिर' सावन माह की भक्ति और पारिवारिक रिश्तों को एक साथ पिरोता है। प्रियांशु सिंह ने इसका संगीत दिया है, जबकि ये वीडियो बिभांशु तिवारी ने डायरेक्ट किया है। चूंकि सावन महीने में कांवड़ गीतों की मांग बढ़ जाती है, यह गाना भक्तों और दर्शकों में उत्साह भर रहा है। पवन सिंह एक बार फिर से अपने पुराने अंदाज में वापस आ गए हैं।

## फैशन स्टाइल



रेनकोट का फैशन

फ़ैशन महीने के एक और पड़ाव के साथ लंदन फ़ैशन वीक अभी-अभी समाप्त हुआ है। इस बार बारिश को ध्यान में रखते हुए कुछ मशहूर डिजाइनरों ने अपने कलेक्शन पेश कि। मॉडल क्रिस्टोफर बेली सहित अन्य लोगों ने बारिश के फैशन को अच्छी तरह परिभाषित किया। दर्शकों के लिए नए ढंग के रेनकोट देखना एक अलग अनुभव था।

## फेस सीरम के फायदे ही नहीं, हैं कुछ नुकसान भी

क्या आप जानते हैं कि जहां फेस सीरम के कई फायदे हैं, वहीं गलत तरीके से इस्तेमाल करने पर यह आपकी त्वचा को नुकसान भी पहुंचा सकता है? आइए जानते हैं फेस सीरम के फायदे, नुकसान और सही इस्तेमाल का तरीका।

फेस सीरम ऐसा स्किन केयर प्रोडक्ट है जो त्वचा को गहराई तक पोषण और नमी प्रदान करना है। फेस सीरम त्वचा की कई परेशानियों को आसानी से खत्म कर देता है। इसके नियमित उपयोग से त्वचा का टेक्सचर बेहतर होता है, जिससे यह मुलायम और स्वस्थ दिखाई देती है। आजकल फेस सीरम स्किनकेयर का अहम हिस्सा बन गया है। चाहे त्वचा में निखार पाना हो या फिर एंटी एजिंग ट्रीटमेंट चाहिए हो, हर कोई फेस सीरम का इस्तेमाल कर रहा है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जहां फेस सीरम के कई फायदे हैं, वहीं गलत तरीके से इस्तेमाल करने पर यह आपकी त्वचा को नुकसान भी पहुंचा सकता है? आइए जानते हैं फेस सीरम के फायदे, नुकसान और सही इस्तेमाल का तरीका।

### फेस सीरम के फायदे

फेस सीरम त्वचा को गहराई से पोषण देता है। सीरम में मौजूद विटामिन सी, हायल्यूरोनिक एसिड और रेटिनॉल स्किन को गहराई से हाइड्रेट करते हैं।इसमें एंटी-एजिंग के गुण होते हैं। ये चेहरे की झुर्रियों और महीन रेखाओं को कम करने में मदद करता है। फेस सीरम का इस्तेमाल स्किन टोन को बैलेंस करता है। दाग-धब्बे, मुहांसे और दाने व टैनिंग को कम करता है।यह त्वचा स्मूद और ग्लोइंग बनाता है। फेस सीरम के रोजाना इस्तेमाल से स्किन का टेक्सचर बेहतर होता है।



### फेस सीरम से होने वाले नुकसान

इससे एलर्जी और जलन हो सकती है। संवेदनशील त्वचा पर रेटिनॉल या एसिड बेस्ड सीरम जलन और रैशेज़ पैदा कर सकता है। ओवर-एक्सफोलिएशन की समस्या भी हो सकती है। फेस सीरम के बार-बार इस्तेमाल से त्वचा की प्राकृतिक नमी खत्म हो सकती है। कुछ सीरम, जैसे विटामिन सी और रेटिनॉल, सूरज की रोशनी में स्किन को ज्यादा संवेदनशील बना सकते हैं। फेस सीरम से एक्ने की समस्या हो सकती है। गलत सीरम चुनने से पोर्स क्लॉग हो सकते हैं और मुंहासे बढ़ सकते हैं।

### सीरम का सही इस्तेमाल कैसे करें?

फेस सीरम से मिलने वाले संपूर्ण फायदे लेने और नुकसान से बचने के लिए इसका सही तरीके से उपयोग करें।

## को-ऑर्ड सेट डिजाइंस से पाएं ऑफिस में परफेक्ट प्रोफेशनल



अगर आप ऑफिस में प्रोफेशनल और स्टाइलिश लुक चाहती हैं, तो आप को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। यह आउटफिट स्टाइल करने के लिए बेस्ट आप्शन है, और इसमें आपका लुक खूबसूरत भी नजर आएगा। ऑफिस में किस तरह का आउटफिट स्टाइल करें, इसको लेकर महिलाएं काफी कन्फ्यूज रहती हैं। दरअसल, महिलाएं चाहती हैं कि वे जिस भी तरह का आउटफिट ऑफिस में स्टाइल करें, उसमें वे कम्फर्टेबल रहें, साथ ही, वे प्रोफेशनल और स्टाइलिश भी नजर आएं। वहीं, अगर आप भी ऐसा कुछ चाहती हैं, तो आप को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। यह आउटफिट ऑफिस में प्रोफेशनल लुक पाने के लिए बेस्ट है, और इस आउटफिट को स्टाइल करने के बाद आपका लुक खूबसूरत भी नजर आएगा। आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले को-ऑर्ड सेट दिखा रहे हैं। ये को-ऑर्ड सेट ऑफिस में प्रोफेशनल लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हैं, और इस आउटफिट को स्टाइल करने के बाद आपका लुक सुंदर भी नजर आएगा।

### एम्बेलिश्ड वर्क को-ऑर्ड सेट



अगर आप ऑफिस के किसी इवेंट में शामिल हो रही हैं, तो फॉर्मल लुक पाने के लिए आप इस तरह के एम्बेलिश्ड वर्क को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। यह को-ऑर्ड सेट आपको कई सारे कलर ऑप्शन्स के साथ मिल जाएगा और इसे स्टाइल करने के बाद आपका लुक अच्छा लगेगा। यह आउटफिट आपको आसानी से मिल सकता है, जिन्हें आप 1,500 से 2,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस को-ऑर्ड सेट के साथ ब्लैक स्टाइलिश हील्स और पर्ल वर्क इयररिंग्स स्टाइल कर सकती हैं।

### प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट



अगर आप भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं, तो आप इस तरह के प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। इस को-ऑर्ड सेट में प्रिंट करके बेहद ही खूबसूरत डिजाइन बनाया गया है और इस आउटफिट में आपका लुक सुंदर नजर आएगा। यह आउटफिट आपको सस्ती कीमत में मिल जाएगा, और यह आपको ऑनलाइन या ऑफलाइन, इन दोनों जगहों से 2,000 रुपये तक की कीमत में मिल सकता है।

## माथे पर खिलेगी ये बिंदिया, ऐसे करें डिजाइन

माथे की सुंदरता बढ़ाने के लिए आप अलग-अलग तरह की बिंदी के डिजाइंस को पसंद करके इसे लगाएं। इससे आपका लुक ही बदल जाएगा। साथ ही, आप सुंदर नजर आएंगी। आर्टिकल में बताते हैं किस तरह के बिंदी डिजाइंस को आप लगा सकती हैं।

जब भी हम तैयार होते हैं, तो पूरा श्रृंगार करते हैं। इसी श्रृंगार में आती है बिंदी। जिसे माथे पर लगाने से लुक ही बदल जाता है। इसलिए ज्यादातर महिलाएं तैयार होने के बाद अपने माथे पर बिंदी जरूर लगाती हैं। बिंदी हर एक आउटफिट के साथ अच्छी लगती है। लेकिन इसे भी आप अपने माथे के हिसाब से लगाएं। इससे लुक ज्यादा अच्छा लगेगा। आर्टिकल में बताते हैं कैसे आप माथे के हिसाब से बिंदी को चूज कर सकते हैं।

### लंबी बिंदी

अगर आपका माथा चौड़ा है, तो ऐसे में आप लंबी बिंदी को लगा सकते हैं। इस तरह के माथे पर बिंदी लगने के बाद अच्छी लगती है। लंबी बिंदी में स्टोन वर्क और सिंपल डिजाइन वाली बिंदी भी मिल जाती है। इसे अपने आउटफिट के कलर के हिसाब से मैच करके माथे पर लगाएं। इसके बाद ही आपका पूरा लुक



कंप्लीट होगा। इस तरह की बिंदी आपको मार्केट में कॉस्मेटिक की दुकान पर आसानी से मिल जाएगी। जिसे लगाकर आप अपने माथे की रौनक को बढ़ा सकती हैं।

### हाफ मून डिजाइन बिंदी

बिंदी में डिजाइन कई सारे मिलते हैं। लेकिन अच्छी वही लगती है, जो आपके माथे पर लगने के बाद सुंदर लगती है। ऐसे में आप इस बार त्योहारों पर हाफ मून डिजाइन वाली बिंदी को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की बिंदी लगने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही, इसे लगाने के बाद आपका फेस अलग लगने लगेगा। इस तरह की बिंदी को आप सिंपल डिजाइन में खरीदकर अपने माथे पर लगाएं।

## इस सावन पहनिए ऐसी बेहतरीन चूड़ियां, मिलेगी भरपूर तारीफ


जुलाई महीने से सावन का महीना शुरू हो रहा है। ऐसे में हम आपको चूड़ियों का लेटेस्ट कलेक्शन दिखाने जा रहे हैं, जिसे आप नयी तरह से कैरी कर सकती हैं।

सावन का महीना इस साल 11 जुलाई से शुरू हो चुका है। इस महीने में लोग भगवान शिव की पूजा-अर्चना करते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस महीने भोलेनाथ की पूजा की जाए और उनका प्रिय भोग उन्हें लगाया जाए तो इससे हर मनोकामना पूरी होती है।

इसी क्रम में जान लें कि भगवान शिव का प्रिय रंग हरा है, ऐसे में इस महीने आप हरे रंग की चूड़ियां अपने हाथों में पहन सकती हैं। हरे रंग की चूड़ियों का कलेक्शन हम आपको दिखाने जा रहे हैं, ताकि आप भी भगवान शिव की पूजा हरे रंग की चूड़ियां पहनकर कर सकें।

### पहली डिजाइन

हरे रंग की वेलवेट चूड़ियों के साथ आप चाहें तो ऐसे कुंदन वाल कड़े पहन सकते हैं। सिंपल सी चूड़ियों के साथ ऐसे हैवी कड़े देकने में अच्छे लगते हैं। हैवी कड़ों



के साथ हल्के पर्ल वाले कंगन भी आप अपने इस लुक में एड कर सकती हैं, ताकि आपके हाथ खूबसूरत लगें।

### दूसरी डिजाइन


हरे रंग की कांच की ऐसी चूड़ियों के साथ आप गोल्डन कड़े कैरी कर सकती हैं। गोल्डन और हरे रंग का कॉम्बिनेशन देखने में कमाल का लगता है। यदि सिंपल साड़ी कैरी कर रही हैं तो उसके साथ इस तरह से चूड़ियों का सेट बनाकर पहनें, ताकि आपका लुक अच्छा दिखे।

कार्नर न्यूज

मेंस फैशन में स्किन केयर पर ध्यान देना ज्यादा जरूरी

## बियर्ड रखने का है शौक तो फेसपैक बनाएं अलग

स्किन केयर सिर्फ महिलाओं का विषय नहीं है। हर पुरुष को भी अपने बिजी शेड्यूल में से कुछ वक्त निकालकर अपनी स्किन की देखरेख के बारे में सोचना चाहिए। जब हम स्किन केयर की बात करते हैं, तो पुरुषों के लिए बहुत कुछ नहीं बताया जाता। हालांकि अब समय बहुत बदल गया है। पुरुष भी इन दिनों अपनी स्किन की देखभाल करना पसंद करते हैं। पुरुषों के लिए अपने चेहरे और दाढ़ी की देखभाल करना एक मुश्किल काम होता है। गर्मियों के मौसम में ये काम थोड़ा और मुश्किल हो जाता है। इसलिए आज हम आपको लिए तीन ऐसे आसान फेस पैक के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपको फ्रेश और प्रेजेंटेबल दिखने में मदद करेंगे।



### मुल्तानी मिट्टी

कॉफी आपकी स्किन के लिए काफी अच्छी होती है। इससे आपकी स्किन पर ग्लो आता है और यह आपकी स्किन को अंदर से एक्सफोलिएट करने में मदद करता है। साथ ही इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट स्किन की खूबसूरती को बनाए रखती है और कील-मुहांसों को दूर करने में मदद करती है। इसके अलावा इसे आप स्क्रब के रूप में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप थोड़ा कॉफी पाउडर ले लें और उसमें थोड़ा सा कोको पाउडर मिला लें। फिर इस मिश्रण में दूध मिलाकर एक अच्छा पैक तैयार कर लें। इस फेसपैक को स्किन पर अच्छी तरह से मसाज करते हुए लगाएं। पेस्ट सूखने के बाद इसे गीले वाइप से अच्छे से साफ करें और अपनी दाढ़ी को धो लें। इससे आपकी स्किन में भी ग्लो आता है और बियर्ड भी सही रहती है।

### कॉफी पैक

कॉफी आपकी स्किन के लिए काफी अच्छी होती है। इससे आपकी स्किन पर ग्लो आता है और यह आपकी स्किन को अंदर से एक्सफोलिएट करने में मदद करता है। साथ ही इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट स्किन की खूबसूरती को बनाए रखती है और कील-मुहांसों को दूर करने में मदद करती है। इसके अलावा इसे आप स्क्रब के रूप में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप थोड़ा कॉफी पाउडर ले लें और उसमें थोड़ा सा कोको



पाउडर मिला लें। फिर इस मिश्रण में दूध मिलाकर एक अच्छा पैक तैयार कर लें। इस फेसपैक को स्किन पर अच्छी तरह से मसाज करते हुए लगाएं। पेस्ट सूखने के बाद इसे गीले वाइप से अच्छे से साफ करें और अपनी दाढ़ी को धो लें। इससे आपकी स्किन में भी ग्लो आता है और बियर्ड भी सही रहती है।

### नींबू और शहद

एक चम्मच नींबू का रस और एक चम्मच शहद मिलाएं। मिश्रण को अच्छी तरह मिलाकर त्वचा पर लगाएं। इसे कुछ मिनट के लिए छोड़ दें और फिर धो लें। अगर आप बियर्ड रखते हैं, तब भी इस पैक का आसानी से इस्तेमाल कर सकते हैं। कुछ अतिरिक्त सुझाव अपने चेहरे को किसी अच्छे क्लींजर से नियमित रूप से साफ करें और साथ ही अपनी दाढ़ी को धोना न भूलें।एक अच्छे टोनर और मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें। नियमित रूप से एक अच्छे बियर्ड आयल का उपयोग करना न भूलें।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

अपने चेहरे को रोज सुबह उठने पर अच्छे से साफ करें। इससे स्किन पर गंदगी अंदर तक जमा नहीं होती है। स्किन पर नियमित रूप से क्लींजर का इस्तेमाल करें ताकि त्वचा में तेल या गंदे कण जमा न हो। अच्छे टोनर और मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें।